आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

● वर्ष- 16 अंक 84-● जबलपुर ● मंगलवार, 26 अप्रेल, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख मास कृष्ण पक्ष-10 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

## महाकाल मंदिर परिसर कॉरीडोर का विधिवत् उद्घाटन

# 4 जून को पीएम मोदी करेंगे







920 मीटर लंबा खूबसूरत कारीडोर सोलर सिस्टम युक्त सरफेस पार्किंग जोन

विकास कार्यों को गति देने 700 करोड़ मंजूर 303 करोड़ रुपये के आठ निर्माण कार्य पूरे





**उज्जैन से लौटकर आशीष शुक्ला द्वारा**

**जबलपुर,यशभारत।** उज्जैन में महाकाल मंदिर परिसर विस्तार योजना के पहले चरण में महाकाल कारिडोर का निर्माण पूर्णता की कगार पर है। 4 जून को इसका विधिवत् उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों किया जायेगा। प्रदेश सरकार महाकाल मंदिर क्षेत्र को आठ गुना बड़ा एवं खूबसूरत बना रही है। इसके लिये विकास कार्यों को गति देने 700 करोड़ रुपये मंजूर हो चुके हैं। यशभारत की टीम ने मौके पर पहुंचकर इन निर्माण कार्यो का जायजा लिया। जिसमें303 करोड़ रुपये के आठ निर्माण कार्य आकार रूप ले चुके हैं। त्रिवेणी संग्रहालय के पीछे मंदिर में प्रवेश के लिए दो नए भव्य प्रवेश द्वार, 920 मीटर लंबा खूबसूरत कारिडोर, हार-फूल-प्रसाद, श्रृंगार की दुकानें, टिकट काउंटर और सोलर सिस्टम युक्त सरफेस पार्किंग जोन का निर्माण पूरा होने जा रहा है। कारिडोर के पास स्थापित पत्थर एवं फाइबर रेनफोर्स प्लास्टिक से बनीं भगवान शिव

### दो नए भव्य प्रवेश द्वार

और अन्य देवी देवताओं की विशाल 127 मूर्तियों का रंग.रोगन जारी है। सप्त सागरों में शुमार प्राचीन रुद्रसागर की सफाई का कार्य भी चल रहा है। सफाई उपरांत इसमें नर्मदा.शिप्रा नदी का उपचारित जल भरा जाना है। नीलकंठ वन का निर्माण भी शुरू हो चुका है। उल्लेखनीय है कि लोकार्पण के बाद सभी श्रद्धालू यहां स्थापित देवी.देवताओं की विशाल मूर्तियां करीब से देख पाएंगे। मगर वे इन्हें स्पर्श नहीं कर पाएंगे। कारिडोर के एक ओर 108 आकर्षक

**यहां देखें वीडियो न्यूज**

महाकाल मंदिर परिसर कॉरीडोर निर्माण का वीडियो न्यूज देखे यशभारत के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व यशभारत न्यूज चैनल पर।

स्तंभ और दूसरी ओर 15 फीट ऊंची दीवार पर शिव महापुराण में उल्लेखित देवी.देवताओं के आकर्षक भित्ती चित्र चित्र देखे जा सकते है जो समूचे माहौल को और धर्ममयी बना रहे है।

## भाजपा ने कमलनाथ की शिकायत विधानसभा स्पीकर से की


### कहा- उन्होंने बकवास कहकर सदन की मर्यादा तोड़ी

**भोपाल।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर कार्रवाई के लिए विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा है। शर्मा ने कहा है कि उन्होंने बकवास शब्द कहकर सदन की मर्यादा तोड़ी। ऐसा करना घोर आपत्तिजनक है। पत्र में कहा गया कि श्री कमलनाथ जो छिंदवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से म.प्र. विधानसभा के सदस्य एवं नेता प्रतिपक्ष भी है, उन्होंने 25 अप्रैल को एक समाचार माध्यम को दिये गये एक साक्षात्कार में विधानसभा की कार्यवाही को लेकर अत्यंत आपत्तिजनक अशोभनीय और सदन की मर्यादा के विरूद्ध कदाचरण की श्रेणी में आने वाली टिप्पणी की है। लोकसभा और विधानसभा का लंबा अनुभव रखने वाले सदस्य द्वारा सदन की गरिमा को गिराये जाने का कृत्य किसी भी दृष्टि से संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक गरिमा के अनुकूल नहीं कहा जा सकता। इतने वरिष्ठ सदस्य द्वारा ऐसी गंभीर टिप्पणी से अन्य सदस्यों को भी ऐसे अमर्यादित आचरण की प्रेरणा मिल सकती है। प्रत्येक सदस्य को हर हाल में संविधान तथा विधानसभा की प्रक्रिया और आचरण के नियमों का पालन सुनिश्चित करना आवश्यक होता है। ऐसा नहीं करने पर उक्त सदस्य को सदन का सदस्य रहने का अधिकार नहीं है। श्री कमलनाथ जो म.प्र. कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भी है, उनके द्वारा की गई टिप्पणी संवैधानिक मूल्यों के प्रति एक राजनैतिक दल के मुखिया की सोच को भी दर्शाती है। श्री कमलनाथ जी द्वारा विधानसभा की कार्यवाही को बकवासज कहा जाना घोर आपत्तिजनक है। अत: ऐसे सदस्य के विरूद्ध संविधान के अनुच्छेद 194 तथा विधानसभा की प्रक्रिया और आचरण के नियम 264 व 265 के तहत तथा सदन की गरिमा को ठेस पहुँचाने के कृत्य का संज्ञान लेते हुए अनुच्छेद 191 तथा 190 के तहत भी कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।



## भोपाल में रिटायर फौजी ने फायर किया

**भोपाल।** राजधानी के पिपलानी इलाके में एक रिटायर फौजी ने भीड़ पर फायर कर दिया। छर्रे लगने से तीन से चार लोग घायल हो गए। घायलों को हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया है। टीआई पिपलानी अजय नायर ने बताया कि सोमवार शाम विवेकानंद कॉलोनी में रहने वाले रिटायर फौजी प्रकाश चौधरी अपने बच्चों को साइकिल चलवा रहे थे। इसी



दौरान तेज रफ्तार में स्कूल सवार दो लड़कियां पास से गुजरी। इसको लेकर प्रकाश की उनसे बहस हो गई। वे पास ही अर्जुन नगर की रहने वाली थीं। लड़कियां विवाद के बाद घर पहुंची और कुछ ही देर बाद वहां बड़ी संख्या में अर्जुन नगर से लोग पहुंच गए। भीड़ देख प्रकाश ने फायर कर दिया। इससे तीन से चार लोगों को छर्रे लग गए। पुलिस का दावा है कि 5 घायल है जबकि परिजनों का कहना है कि 7 से ज्यादा लोगों घायल हुए हैं।

## सराफा कारोबारी ने बीवी-बच्चों को दिया जहर, खुद फांसी पर झूला, तीन की मौत

**रायसेन/बाड़ी** ।जिले के बाड़ी कस्बे में सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात में वार्ड क्रमांक 8 निवासी जितेंद्र सोनी उर्फ बंटी ने परिवार सहित आत्महत्या का प्रयास किया। बताया जाता है कि पत्नी व दो बच्चों को जहर देने के बाद सराफा कारोबारी जितेंद्र सोनी ने फांसी लगा ली। जितेंद्र व उनकी पत्नी एवं बड़े पुत्र की मौत हो गई है। वहीं छोटे पुत्र को गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।जितेंद्र सोनी पिता धनराज सोनी उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक आठ एवं उनकी पत्नी और 2 पुत्र बड़े पुत्र की उम्र लगभग 8 वर्ष की मौत हो गई एवं 6 वर्षीय पुत्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर कर दिया है। पुलिस मौके पर पहुंचकर मौत के कारणों की पता लगाने का कोशिश कर रही है।

## दुनिया की सबसे बुजुर्ग इंसान केन तनाका का 119 साल की उम्र में निधन

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बुजुर्ग इंसान केन तनाका का निधन हो गया है। उनकी उम्र



119 साल थी। 2019 में उन्हें गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दुनिया के सबसे उम्रदराज व्यक्ति के तौर पर मान्यता मिली थी। तब उनकी उम्र 116 साल थी। केन का जन्म 1903 में हुआ था। उनके निधन के बाद फ्रांस की लुसिले रेनडोन (सिस्टर एंड्रे) दुनिया की सबसे बुजुर्ग व्यक्ति बन गई हैं। उनकी उम्र 118 साल 73 दिन है।

## मवेशी को सड़क या सार्वजनिक स्थान पर खुला छोड़ा तो देना होगा 5 हजार रुपये का जुर्माना

**भोपाल ।शहरों में मवेशी को सड़क या सार्वजनिक स्थान पर खुले में छोड़ना अब महंगा पड़ेगा। उच्च न्यायालय जबलपुर के अवमानना सहित अन्य याचिका में दिए गए निर्देश के मद्देनजर सरकार नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 और नगर पालिका अधिनियम 1961 में अध्यादेश के माध्यम से संशोधन करेगी। इसमें कोई भी जानबूझकर या उपेक्षापूर्वक किसी मवेशी या अन्य पशु को सड़क या अन्य सार्वजनिक स्थान पर खुला छोड़ता है या बांधता है तो उससे पांच हजार रुपये जुर्माना वसूला जाएगा।**

इस पर अंतिम निर्णय मंगलवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट बैठक में लिया जाएगा। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उच्च न्यायालय ने तीन अलग-अलग प्रकरणों में नगर में विचरण करने वाले आवारा मवेशियों के संबंध में नियमित कार्रवाई, जुर्माने की राशि को लेकर निर्देश दिए थे।अभी अधिनियम में आवारा मवेशियों के संबंध में दंड के जो प्रविधान हैं वे वर्तमान परिस्थितियों में अपर्याप्त हैं और पुनरावृत्ति होने पर क्या कार्रवाई की जाएगी, इसका प्रविधान भी नहीं है। इसे देखते हुए अधिनियम में संशोधन प्रस्तावित है। अभी विधानसभा नहीं चल रही है इसलिए अध्यादेश के माध्यम से अधिनियम में संशोधन प्रस्तावित किया गया है। इसमें सार्वजनिक स्थान पर मवेशी या अन्य पशु को खुला छोड़ता या बांधता है, जिससे यातायात को बाधा पहुंचती है या संपत्ति को नुकसान पहुंचता है तो संबंधित से जुर्माना वसूली जाएगा। यह पांच हजार रुपये तक होगा।

### कैबिनेट की बैठक आज



### इन पर भी होगा विचार

- संत रविदास स्वरोजगार योजना, डा. भीमराव आंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना और मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति विशेष परियोजना को स्वीकृति।
- घुमंतू और अर्द्धघुमंतू जनजाति विभाग का नाम बदलकर विमुक्त, घुमंतू और अर्द्धघुमंतू कल्याण विभाग किया जाएगा।
- प्रधान मुख्य वन संरक्षक स्तर के चार पदों का निर्माण।
- अस्पताल प्रबंधक के सात, सहायक अस्पताल प्रबंधक के 23, बायोमेडिकल इंजीनियर के 18 पदों का सृजन।
- मुंबई में 10 हजार 460 वर्गमीटर भूमि 85.76 करोड़ रुपये में सर्वाधिक बोली लगाने वाली कंपनी को दी जाएगी।

## प्रदेश भर में शादी-पार्टियों में बंदूक ले जाने पर प्रतिबंध लगाने पर विचार :डॉ नरोत्तम मिश्रा

### बंदूक ले जाने के लिए सक्षम अधिकारी से लेनी होगी अनुमति

**भोपाल ।**मुरैना में शादी पार्टी में हथियार ले जाने पर प्रतिबंध लगाने के बाद इसे पूरे प्रदेश में प्रतिबंधित करने पर विचार चल रहा है। यह संकेत आज गृह मंत्री डॉ नरोतम मिश्रा ने दिए। उन्होंने कहा कि शादी या अन्य कार्यक्रमो में अगर हथियार ले जाना जरूरी है तो उसकी अनुमति लेनी होगी।

गृह मंत्री डॉ मिश्रा ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि मुरैना में हर्ष फायरिंग की घटनाओं में कई लोगो को मौत हुई है ।इसी के चलते मुरैना में धारा 144 के तहत शादी,पार्टी या किसी समारोह में बंदूक लेकर जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। हाल ही में हुई कुछ घटनाओं में लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। अब वहां ऐसी कोई घटना कहीं से भी आती है तो उसपर एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी।



गृह मंत्री डॉ मिश्रा ने कहा कि विवाह या अन्य समारोह में हर्ष फायरिंग पर पहले से प्रतिबंध है लेकिन हर्ष फायरिंग की घटनाएं सामने आती रहती है इन पर सख्ती से प्रतिबंध लगाना जरूरी है ।इसी कारण शादी पार्टियों में बंदूक ले जाने पर प्रतिबंध लगाने पर विचार किया जा रहा है। इस संबंध में जल्द ही फैसला ले लिया जाएगा। जिनको शादी समारोह मे लायसेंसी बंदूक ले जाना जरूरी है वह इसकी सक्षम अधिकारी से अनुमति लेकर ही जायें। इस नियम पर भी विचार किया जा रहा है।

# शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधित स्कूल का होगा रिनोवेशन और रिडेन्सीफिकेशन

## दिव्यांग सेवा परिसर होगा श्रेष्ठ –आयुक्त संदीप रजक

**जबलपुर।** विधायक अजय विश्नोई, नि:शक्तजन आयुक्त संदीप रजक व डॉ. इलैयाराजा टी. ने आज सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय दृष्टि बाधित एवं श्रवण बाधित स्कूल कोंगवा का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य रूप से स्कूल की व्यवस्थाएं, रिनोवेशन और रिडेन्सीफिकेशन पर विस्तृत चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान स्टॉफ, फर्नीचर व ब्रेल मी मशीन, नवमीं से बारहवीं तक के हॉस्टल की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई तथा स्कूल, मेस सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा गया। आयुक्त संदीप रजक ने बताया कि रिडेन्सीफिकेशन के तहत एक बड़ा प्लान किया जा रहा है।



जिसके रिडेन्सीफिकेशन, हाउसिग बोर्ड या एनएचएआई में से कोई एक करेगा। विस्थापन या पुनर्निर्माण की कार्ययोजना से नि:शक्तजन कल्याण के लिए अत्याधुनिक सर्व सुविधायुक्त दिव्यांगजन सेवा परिसर श्रेष्ठ होगा जिसके निर्माण पर चर्चा हुई। जिसमें शासकीय दृष्टिबाधित विद्यालय, शासकीय श्रवण बधित विद्यालय, मानसिक रूप से अविकसित बालगृह एवं शासकीय दिव्यांगजन कल्याण संस्थान, स्टाफ क्वाटर्स सहित अन्य सुविधाएं एक ही परिसर में सुनिश्चित हो जाएंगी। जहां खेलकूद, व्यावसायिक प्रशिक्षण, फिजियोथेरेपी, स्पीचथेरेपी, दिव्यांगजन बहु संवेदी पार्क जैसी अनेकों सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा ने श्रवण मूक बधिर विद्यार्थियों से उनके शिक्षक के माध्यम से उनके पढ़ाई, लिखाई व भोजन के साथ उनके समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय आशीष दीक्षित सहित पीडब्लयूडी, पीआईयू, एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



# सूरज के तेवर लगातार तीखे

**जबलपुर।** राजस्थान से आ रही गर्म हवा के चलते अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। दिन में गर्म हवा के थपेड़ों ने बेहाल कर दिया। रात का तापमान सामान्य से नीचे रहने की वजह से गर्मी से राहत रही। मौसम विभाग ने आज से 28 अप्रैल के बीच लू के आसार जताए हैं। सोमवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा, जिससे दिन में गर्मी का अहसास हुआ। सूर्य अस्त के बाद भी गर्म हवा का दौर जारी रहा। मौसम विभाग केअनुसार अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान 42 से 43 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच सकता है।सूरज के तेवर लगातार तीखे होते जा रहे हैं। सुबह सात बजे से सूरज की तपिश महसूस होने लगी है। राजस्थान से आ रही गर्म हवाओं के चलते शहर में गर्मी अपने चरम पर है। सोमवार को अधिकतम तापमान 41.4 रहा। जबकि रात का तापमान 24.3 था। इससे रात में भी खासी गर्मी महूसस हुई है। मंगलवार को सुबह का तापमान 23.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ। सुबह से ही सूर्य उदय के बाद से ही गर्मी बढ़ना शुरू हो गई थी। इसके चलते साढ़े आठ बजे ही तपन होने लगी है। मौसम विभाग ने 26 से 28 अप्रैल के बीच लू के आसार जताए हैं। सूरज के तेवर उग्र है। तेज धूप और पश्चिमी गर्म हवाओं के थपेड़े लोगों को परेशान करेंगे। सुबह से शाम तक वातावरण गर्म रहेगा। मौसम विभाग की माने तो पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म् हो गया है। आने वाले दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री और बढ़ने की संभावना है।



# जायन्ट्स ग्रुप ऑफ जबलपुर का 45वाँ पद स्थापना एवं शपथ ग्रहण समारोह

**जबलपुर।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ जबलपुर का 45वां पद स्थापना एवं शपथ ग्रहण समारोह विगत दिवस नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन स्थापक के विशिष्ठ आतिथ्य, इंदौर से आए फेडरेशन अध्यक्ष गोविंद गोयल, कटनी से पधारे विशेष समिति सदस्य एम. जे. एस. लाम्बा एवं शपथ अधिकारी श्रीमती निशा तिवारी के अतिथ्य में बी.के. कैसल होटल में रात्रि 8 बजे प्रारंभ हुआ। अतिथियों के स्वागत, दीप प्रज्जवलन एवं जायन्ट्स प्रार्थना के पश्चात ग्रुप के अध्यक्ष अरविंद पटैल ने अपने स्वागत भाषण में ग्रुप के कार्यों के बारे में जानकारी दी। प्रशासन संचालक श्री सी.जे.एस. अरोरा ने वर्ष 2021–22 में किये गये सेवा कार्यों से सभी को अवगत कराया । विगत वर्ष किए गए सेवा कार्यों में सहयोगी सदस्यों को अरविंद पटैल एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। ग्रुप द्वारा प्रकाशित पत्रिका कर्त्तव्य का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया । द्वितीय चरण में वर्ष 2022–23 के लिए समाज सेवी आशीष सैनी को अध्यक्ष पद की, आर.पी. सोनी को प्रशासन संचालक, बसंत चेलानी को संचालक (वित्त) एवं अन्य सदस्यों निराश्रित महिला को श्रीमती निशा तिवारी द्वारा शपथ दिलाई गई। ग्रुप द्वारा निराश्रित महिला को सिलाई मशीन, दो छात्राओं को साईकिलें, बंडोल गुरुद्वारा में कमरे निर्माण हेतु नगद राशि एवं डॉ. डी. आर. साहू को दवाईयों का बॉक्स प्रदान किया गया। डॉ. पवन स्थापक श्री लाम्बा जी. श्री जगत बहादुर सिंह ( अन्नू भैया) अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी आदि ने ग्रुप द्वारा किए गए सेवा कार्यों की सराहना करते हुए सहयोग का आवश्वासन दिया । इस अवसर पर आर.पी. सोनी एवं श्रीमती ऊषा सोनी ने नेत्र दान की घोषणा की ।समारोह में कर्तव्य पत्रिका के संपादक हेमंत खम्परिया के अलावा राजेश गुप्ता, सी. के. मोदी, कुरेशी , संतोष पटैल जी का विशेष सहयोग रहा । इसके अतिरिक्त ग्रुप के संस्थापक नाना भाई संघवी, एस.पी. दत्ता, पी.एल. शर्मा, प्रवीण करेचा, व्ही के. धवन, सुभाष अग्रवाल, डॉ. (मिसेज) जी. के. मल्होत्रा, मलगानी , आदि ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया । कार्यक्रम के संचालक श्री शरद नेमा ने अपने कुशल संचालन से अंत तक सभी को बाँधे रखा। आभार प्रदर्शन बसंत चेलानी द्वारा किया गया।

**निराश्रित महिला को सिलाई मशीन, दो छात्राओं को साईकिलें, गुरुद्वारा में कमरे निर्माण हेतु नगद राशि दी**

# पमरे में अत्याधुनिक सिग्नलिंग और दूरसंचार तकनीक सुविधाओं का उपयोग

**जबलपुर यश भारत।** भारतीय रेल में आधुनिक सिगनल और दूरसंचार प्रणाली से ट्रेन परिचालन में सुरक्षा बढ़ती है। भारतीय रेल में उपयोग में आने वाले उपकरणों का अपग्रेडेशन एंड रिप्लेसमेंट एक सतत प्रक्रिया है और इस प्रक्रिया को इसकी स्थिति, परिचालन आवश्यकताओं और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर किया जाता है। गौरतलब है कि पश्चिम मध्य रेल में सिग्नलिंग सिस्टम में तीव्र गति से अपग्रेडेशन किया जा रहा है जिसमें नये प्रकार की इंटरलॉकिंग प्रणाली को अलग–अलग रेलखण्डों पर लगाया जा रहा तथा पुरानी इंटरलॉकिंग प्रणाली को भी बदला जा रहा है। ट्रेन संचालन में डिजिटलीकरण एवं आधुनिकीकरण और सुरक्षा बढ़ाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग को बड़े पैमाने पर अपनाए जा रहा है।

### 31 रेलवे स्टेशनों में कार्य हुआ पूर्ण

उल्लेखनीय है कि पमरे के तीनों मण्डलों पर वर्ष 2021–22 में कुल 31 स्टेशनों पर नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग



कमीशन कर पूर्ण किया गया। गत वर्ष कुल 14 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की तुलना में 106 प्रतिशत वृद्धि कर कमीशन की गई। जिसमें तीनों मण्डलों के अंतर्गत अंता, बिजोरा, कटंगी खुर्द, हिनोतिया पीपलखेड़ा, ओर, नारायणपुर टटवारा, इटारसी, गंगापुरसिटी, भूलोंन, मझौली, देवराग्राम, कैमा, निमोदा, सेमरखेड़ी, कंजिया, मलारना, पिपरियाकलां, चौराखेड़ी, सलहना, खन्नाबंजारी, मोतीपुरा चौकी, धरनौदा, नाथूखेड़ी, सागर, पिपरईगांव, सुंडलक, महिदपुर रोड, बांसापहाड़, मदनमहल, रेहतवास एवं बारां स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कमीशन किया गया है। इस रेलखण्ड पर साथ ही संरक्षित परिचालन के लिए दोहरीकरण रेल लाइन में ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट भी स्थापित किये गए हैं।

जिससे वहां परिचालन क्षमता एवं परिचालन आवागमन और नये सिगनल रूट्स प्रदान किये गए हैं। जिससे रेल संचालन में बढ़ोत्तरी के साथ ही आय में भी वृद्धि हुई है। इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से रेल संचालन में सरंक्षा, सुरक्षा तथा परिचालन की सुगमता में बड़ोत्तरी होगी।

*इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम से यह फायदे*

* इस प्रणाली में कम से कम जगह की आवश्यकता होती है।
* यह प्रणाली सफल एवं सुरक्षित प्रणाली है।
* इस प्रणाली में फेलियर की जानकारी स्वयं पता चल जाती है।
* यह प्रणाली काफी सुरक्षित और विश्वसनीय है।
* यह प्रणाली ट्रेन संचालन में गति प्रदान करता है।



# अफ्तार दावतें कौमी एकता का सशक्त माध्यम :लखन घनघोरिया

जबलपुर। माहे रमज़ान हमें ना केवल दूसरों की भलाई के लिए प्रेरित करता है बल्कि इस माह समाज व देश कल्याण की भावनाबलवती होती है. और रोजा अफ्तार दावतें कौमी एकता कासशक्त माध्यम हैं. उक्ताशय के उदगार कांग्रेस विधायक व पूर्व मंत्री लखन घनघौरिया ने व्यक्त किए. फल सब्जी व्यवसायी मुहम्मद सगीर राईन द्वारा रानीताल ईदगाह में आयोजित किए गए विशाल रोजा अफ्तार में हजारों रोजेदारों ने शिरकत की.विधायक विनय सक्सेना, भाजपा नेता प्यारे साहब, कांग्रेस नेता मतीन अंसारी, गुडडू नबी, सुहैल अजहर, शादाब नवाब सहित शहर के कई जन प्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों ने अफ्तार दावत की रौनक बढ़ायी. बाद अफ्तार मगरिब की नमाज अदा की गयी.और शहर व देश के अमनो अमान एवं खुशहाली की दुआएं मांगी गयीं।

# पीड़ित मानवता हेतु किया रक्तदान

**जबलपुर।** इंडियन रेडक्रास सोसायटी एवं अन्य संगठनों के सहयोग से टच स्टोन सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी जबलपुर में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कम्पनी के कर्मचारी / अधिकारियों ने मानव सेवा के लिए अपना रक्तदान कर योगदान दिया। शिविर को सफल बनाने में कम्पनी के सेल्स मैनेजर संजय शर्मा ,लॉजिस्टिक एक्जीक्यूटिव अमित गुप्ता, ब्रांच मैनेजर अनिल गुप्ता एवं सेल्स स्टाफ से अनुज पाण्डे, नितिन पटेल, रोहित ताम्रकार, अनिकेत राजपूत, ऋ षभ साहू, नवल कनौजिया, आशीष राठौर, दीपक कुलदीप एवं रेडक्रास सदस्य रमेश नायडू, छायाकार विजय सोनी एल्गिन हॉस्पिटल के ब्लड बैंक से विशाल धुरिया, चंदन गोटिल एवं आदि का विशेष योगदान रहा।



# वरुथिनी एकादशी पर आज त्रिपुष्कर योग

## अगले चार दिन भी रहेगा व्रत–त्योहार का सिलसिला

जबलपुर। आज बैसाख कृष्ण पक्ष की एकादशी है, जिसे वरुथिनी एकादशी भी कहा जाता है। एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित मानी गई है। इस साल वरुथिनी एकादशी पर त्रिपुष्कर योग बन रहा है। पुरोहितों ने बताया कि इस शुभ योग में किए गए कार्यों का फल तीन गुना मिला है। मान्यता है कि वरुथिनी एकादशी का व्रत रखने से कष्टों से मुक्ति मिलती है। व्यक्ति को अंत में मोक्ष की प्राप्ति होती है। भगवान श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर को वरुथिनी एकादशी व्रत के महत्व के बारे में बताया था। वरुथिनी एकादशी के बाद अगले चार दिन भी व्रत–त्योहार का सिलसिला जारी रहेगा। यानी लगातार पांच दिन व्रत, पूजा–पाठ चलेंगे।

### पांच दिन व्रत, पूजा-पाठ गुरू प्रदोष व्रत पूजा

बैसाख कृष्ण त्रयोदशी गुरूवार 28 अप्रैल को सर्वार्थ सिद्धी योग में प्रदोष काल में पूजा–पाठ करना विशेष फल देगा। त्रयोदशी तिथि को प्रदोष व्रत रखते हैं और प्रदोष काल में भगवान शिव की पूजा करते हैं। गुरु प्रदोष के दिन भगवान शिव की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त शाम को 6:54 मिनट से रात 9:04 तक है। इस अवधि में आपको भगवान भोलेनाथ की पूजा करनी चाहिए।

### शिव चतुर्दशी का शुभ मुहूर्त

बैसाख कृष्ण पक्ष चतुर्दशी शुक्रवार 29 अप्रैल को है। वैसे तो शिव चतुर्दशी का पूरा दिन शुभ होता है। शुभ मुहूर्त रात 11:57 से रात 12:40 मिनट तक है। यदि आप किसी विशेष मनोकामना की पूर्ति के लिए शिव की पूजा करना चाहते हैं, तो इस मुहूर्त में कर सकते हैं।

## कृष्णकांत शर्मा अध्यक्ष मनोनीत

**जबलपुर ।**लोक शिक्षण समिति मध्यप्रदेश की साधारण सभा की बैठक में कृष्णकांत शर्मा को सर्व सम्मति से लोक शिक्षण समिति का अध्यक्ष चुना गया । बैठक के दौरान श्री शर्मा को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव समिति के सदस्यों द्वारा लाया गया। जिसे सर्व सम्मति से पारित किया गया । कृष्णकांत शर्मा जबलपुर की पाटन तहसील में शिक्षक है ।कृष्णकांत शर्मा की नियुक्ति पर संदीप यादव अखिलेश सोनी राजू यादव हरिओम् नामदेव भागीरथ सिंह सहित ज़िला के शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है ।



## नगर के व्यंग्यकार पाण्डेय भोपाल में सम्मानित

### विश्व पुस्तक दिवस पर गरिमामय स्पंदन कार्यक्रम

**जबलपुर यशभारत ।**भारतीय स्टेट बैंक भोपाल स्थित हेड आफिस द्वारा विश्व पुस्तक दिवस पर आयोजित गरिमामय स्पंदन कार्यक्रमज्में साहित्यकारों को उच्च प्रबंधन द्वारा संस्कारधानी के चर्चित हस्ताक्षर व्यंग्यकार जय प्रकाश पाण्डेय को सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर उनके व्यंग्य संग्रह च्डांस इंडिया डांसज् की प्रतियां स्टेट बैंक की लाइब्रेरी के लिए ख़रीदीं गई ।कार्यक्रम में स्टेट बैंक भोपाल वृत्त के महाप्रबंधक द्वय सुश्री गीता त्रिपाठी एवं संदीप कुमार दत्ता के अलावा बड़ी संख्या में सांस्कृतिक संस्थाओं के पदाधिकारी साहित्यकार और मीडिया जगत के लोग उपस्थित थे।



## भगवान का दिया अल्प नहीं रक्तदान का विकल्प नहीं

जबलपुर। जबलपुर ब्लड डोनेसन सोसायटी के सदस्य ओएफके टीम के रक्तवीर सावन सेन के जन्मदिवस और सुनील राजपूत की शादी की सालगिरह के मौके पर सावन सेन , सुनील राजपूत , आनंद सोनी, मृगेंद्र, केवल झरिया द्वारा जरूरत मंदो की सेवा हेतु जबलपुर ब्लड सेंटर में रक्तदान किया गया ।इस मौके पर अपील की गई कि लोग अपने जन्मदिन शादी की साल गिरह और अन्य अवसरों पर रक्त दान का संकल्प लें ।क्योंकि एक यूनिट रक्त से तीन जिंदगियां बचती है । इसीलिए सभी से निवेदन है कम से कम अपनो के लिए रक्तदान जरूर करें ।इसीलिए जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन गत रविवार कोकिया गया । जिसमे रक्त वीरों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया द्य जबलपुर ब्लड डोनेशन सोसाइटी ने सभी से रक्त दान करने का आग्रह कर रक्त दान के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर मोहित गुप्ता सावन सुनील चंचल सेन सुदेन तिवारी विजय के पी सिंह केवल उज्ज्वल उमेश पटले मनोज तिवारी मृगेंद्र अनिता पटेल आदि उपस्थित थे द्य पुन: अपील की गई कि कम से कम 5 से 10 अपनों को रक्तदान के लिए प्रेरित करिए और अपने जन्मदिवस साल गिरह और अन्य मौकों पर रक्तदान करिये और कराइये।



# संत शिरोमणि सेन महाराज का 722 वां जन्मोत्सव कल

**जबलपुर।** 27अप्रैल बुधवार को सामुदायिक भवन माढ़ोताल, जबलपुर में समिति की ओर से संत शिरोमणि सेन जी महाराज का 722 वां जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन प्रात: 9 बजे भवन परिसर में किया जा रहा है.इस अवसर पर हवन पूजन, सेन महाराज की आरती, प्रसाद वितरण होगा.आप सभी स्वजातीय बंधुओ से कार्यक्रम में नियत समय पर उपस्थिति की अपील सीताराम उसरेठे, शिवबहादुर श्रीवास, मोहन श्रीवास, महेश श्रीवास, के एल सेन, गौरीशंकर सेन, संतोष सेन, पी एल सेन, लखनलाल सेन, इंजीनियर महेश सेन, विजय सेन, रवि शंकर सेन, संतोष श्रीवास, संतोष सेन, राजेश सेन, एडवोकेट हेमंत सेन, अशोक सेन, चंद्रप्रकाश श्रीवास, रमेश बाबू, राजाबाबू श्रीवास,जगदीश पलिआ, अधारताल क्षेत्रीय सेन समाज संगठन की ओर से मोहनलाल श्रीवास,महेश श्रीवास, एवं समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण, संत सेन सामुदायिक भवन समिति ने की है।



# निरंकारी मिशन के 272 शिविरों में हुआ रक्तदान महादान

**जबलपुर ।** संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन के सौजन्य से संत निरंकारी मंडल ब्रांच, जबलपुर में मानव एकता दिवस के अवसर पर बाबा गुरुवचन सिंह की स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । जबलपुर संत निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान हेतु अत्याधिक उत्साहित सेवादार भाई बहिन व साध संगत रजिस्ट्रेशन कराया, उसके उपरांत रक्त संग्रहण करने हेतु विशेषज्ञ डॉक्टर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, मेडिकल कॉलेज, विक्टोरिया अस्पताल, एल्गिन अस्पताल एवं रेड क्रॉस सोसाइटी की टीम उपस्थिति थी डॉक्टरों द्वारा उत्साहित भक्तो की उचित जाँच के उपरांत रक्त एकत्रित किया गया ।



जबलपुर में यह 22वां रक्तदान शिविर है इस शिविर में 210 यूनिट रक्त दान किया गया इस वर्ष आज ही के दिन सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज भी अध्यक्षता में प्रात: 9 बजे से 2 बजे संत निरंकारी अध्यात्मिक स्थल समालखा हरियाणा में भी एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने कहा मानवता की सेवा में प्रतिपल समर्पित हो हमारा जीवन ऐसी ही भावना से युक्त जीवन हम सभी ने जीना है । जबलपुर के शिविर में कलेक्टर डॉ . इल्लैया राजा टी का भी आगमन हुआ जिन्होंने संत निरंकारी मंडल की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि में मिशन रक्तदान के लिए सदैव अग्रसर रहता है रक्त दान से दूसरो की जान बचा सकते है साथ ही स्वयं का भी फायदा है ब्लड सेल्स बनते है शरीर स्वस्थ्य रहता है द्ध अस्पतालों के ब्लड बैंक में बहुत कमी है इसी तरह अन्य संस्थानों को भी रक्तदान हेतु आगे आना चाहिए । शिविर को सफल बनाने वाले सभी सेवादार भाई बहिन क्षेत्रीय संचालक सतीश आसवानी जी, आनंद कोष्टा जी, बहिन भावना, बहिन सीमा आदि सैकड़ों रक्तदाता साध संगत, सेवादल, के भाई बहिनों का विशेष योगदान रहा ।

# यात्रियों के लिए राहत की खबर 28 से मुंबई के लिए चलेगी साप्ताहिक ट्रेन

## आरक्षण आज से शुरू

***जबलपुर यश भारत।** ग्रीष्मकाल में यात्रियों को आवागमन में सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के लिए जबलपुर मंडल से एक स्पेशल ट्रेन आगामी 28 अप्रैल से प्रारंभ होने जा रही है। रीवा से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई स्पेशल ट्रेन प्रारंभ होने वाली इस ट्रेन के संबंध में वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन ने बताया कि रीवा से मुंबई के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन न. 02187/88 का परिचालन आगामी गुरुवार 28 अप्रेल 2022 से होने जा रहा हैद्ध यह ट्रेन रीवा से प्रत्येक गुरुवार को 16.55 बजे चलकर सतना, मैहर, कटनी मार्ग से जबलपुर शाम 19:40 बजे आकर 10 मिनट रूकेगी तथा नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी मार्ग से मुंबई दूसरे दिन दोपहर 12:20 पर पहुंचेगी। वापसी में यह स्पेशल ट्रेन अगले दिन शुकवार को मुंबई से दोपहर 13.30 बजे उक्त मार्ग से चलकर दूसरे दिन जबलपुर सुबह 05:00 बजे तथा रीवा सुबह 07.50 वापस पहुचेगी । इस ट्रेन को मुख्यालय पमरे द्वारा प्रत्येक दिशा में 10 ट्रिप रेल सेवा के लिए 30 जून 2022 तक अनुमोदित किया गया है जिससे ग्रीष्मकाल में यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा मिल सके द्ध इस ट्रेन में सामान्य श्रेणी (अनारक्षित), तथा आरक्षित श्रेणी के वातानुकूलित प्रथम, द्वितीय, तृतीय सहित शयनयान श्रेणी के कुल 20 डिब्बे रहेगे इस ट्रेन में अग्रिम आरक्षण की सुविधा आज 26 अप्रैल से प्रारंभ हो जाएगी ।

# आरडीयू में रिटायर अनुभाग अधिकारी से वित्त विभाग के दो अफसरों ने मांगी 30 हजार की रिश्वत



## कुलसचिव को शिकायत पहुंची

**जबलपुर, यशभारत।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में वित्त विभाग के दो अधिकारियों द्वारा रिटायर अनुभाग अधिकारी से रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। कुलसचिव को भेजी गई शिकायत में रिटायर अधिकारी ने आरोप लगाया है कि वित्त विभाग के दोनों अधिकारियों ने भविष्य निधि और अन्य निधि की फाइल तब आगे बढ़ाने की बात कही जब उन्हें 30 हजार रूपए दिए जाएंगे। इधर कुलसचिव ने शिकायत पर जांच कराने की बात कही है।

शिकायतकर्ता सेवानिवृत्त अनुभाग अधिकारी घनश्याम दुबे ने कुलसचिव को शिकायत भेजते हुए बताया कि भविष्य निधि सहित अन्य निधि का भुगतान नहीं हुआ है इसकी एक फाइल वित्त विभाग में है। इसके लिए वित्त विभाग में पदस्थ राजकुमार तिवारी और प्रेमप्रकाश पुरोहित से फाइल पास करने को कहा लेकिन दोनों के द्वारा रिश्वत के रूप में 30 हजार रूपए दिए जाने की मांग रखी गई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि रिश्वत के पैसों के लिए अनेक बार दोनों अधिकारियों ने उससे संपर्क किया है।

### बेटे को झूठे केस में फंसाने की कोशिश

रिटायर अनुभाग अधिकारी घनश्याम दुबे ने कुलसचिव को शिकायत में बताया कि वित्त विभाग में पदस्थ दोनों अधिकारियों को जब रिश्वत की रकम नहीं दी गई उन्होंने बेटे को झूठे केस में फंसाने की कोशिश की यहीं नहीं एक शिकायत थाने में दर्ज कराई।

### जांच कराई जाएगी, दोषियों पर कारवाई होगी

कुलसचिव डॉक्टर ब्रजेश सिंह ने बताया कि इस मामले की शिकायत प्राप्त हुई है। रिटायर अनुभाग अधिकारी द्वारा लगाए गए आरोप कितने सही है इसकी जांच कराई जाएगी। जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई होगी।

# तन्खा की पहल पर मुंबई के लिए स्पेशल ट्रेन की सौगात

**जबलपुर, यशभारत।** कांग्रेस नेता राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा की पहल पर रीवा से मुंबई तक स्पेशल ट्रेन की सौगात मिली है। कांग्रेस नेता विवेक तन्खा ने स्पेशल ट्रेन के चलाने के लिए प्रयास किए लेकिन लंबे इंतजार के बाद सफ्लता हासिल हुई है। पश्चिम मध्य रेलवे ने घोषणा की है कि रीवा-मुंबई के बीच साप्ताहिक रेल सेवा प्रारंभ होगी। यह अभी प्रयोग के तौर पर 28 अप्रेल से 30 जून तक चलेगी। इसके बाद नया शेड्यूल जारी किया जाएगा। माना जा रहा है कि यदि सप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन को इस दौरान ठीक-ठाक यात्री मिल गए तो ट्रेन की अवधि में विस्तार कर नियमित भी किया जा सकता है।



बताया गया कि रेलवे 28 अप्रेल से 30 जून तक रीवा से मुम्बई के बीच 10-10 फेरे की ट्रेन चलाएगा। मुम्बई-हावड़ा रूट पर ट्रेनों में भारी वेटिंग को देखते हुए रीवा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस और रीवा के बीच वीकली सुपरफास्ट समर स्पेशल ट्रेन रीवा स्टेशन से प्राज़रम्भ होकर सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी एवं हरदा स्टेशनों से होकर मुम्बई को जाएगी।

# बेलखेड़ा और रांझी से दो किशोरियों का अपहरण

## परिजनों का आरोप- बहला-फुसलाकर बेटी को किया अगवा, क्षेत्रों में हड़कंप

**जबलपुर, यशभारत।** थाना बेलखेड़ा और रांझी थाना क्षेत्रों से 16 वर्षीय दो किशोरियों के अपहरण का सनसनीखेज मामला सामने आया है। परिजनों ने किशोरियों के गायब होने के बाद यहां-वहां रिश्तेदारों और दोस्तों से पूछताछ की, लेकिन जब कहीं सुराग नहीं मिला तो थकहार कर थाने में शिकायत की। पुलिस ने दोनों ही मामलों में अपहरण का केस दर्ज कर, रेलवे, बस स्टेंड सहित शहर के प्रमुख मार्गों के सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही है।

जानकारी अनुसार रांझी के शांति नगर में परिजनों ने पुलिस को बताया कि कल रात से उनकी 16 वर्षीय बेटी घर से लापता है, वह शाम को मोहल्ले में ही रहने वाली सहेली के घर जाने, घर से निकली थी। लेकिन जब पता किया तो बेटी सहेली के घर गई ही नहीं थी। पुलिस नाबालिग को तलाश करने हरसंभव प्रयास कर रही है।



परिजनों की नींद खुली तो घर से गायब थी बेटी तो वहीं दूसरी ओर बेलखेड़ा थाना क्षेत्र से 16 वर्षीय किशोरी देर रात के बाद भी घर नहीं पहुंची। परिजनों ने सभी दोस्तों और रिश्तेदारों से पूछताछ की। लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के गोबरा कला ग्राम की रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी विगत 23 अप्रैल की दरमियानी रात घर से बैग कपड़े का मोबाइल लेकर उस समय रहस्यमय ढंग से गायब हो गई जब परिजन चैन की नींद सो रहे थे सुबह जब परिजनों की आंख खुली तो घर से बिटिया गायब मिली तो उनके द्वारा गांव एवं अपने रिश्तेदारों के यहां इसकी पतासाजी की किंतु कहीं भी कोई सुराग हाथ नहीं लगा जिसके बाद पीड़ति पक्ष द्वारा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई पुलिस ने किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

# अमित खंपरिया पर मारपीट का मामला दर्ज

## युवक को अपमानित कर मारे थप्पड़

**जबलपुर, यशभारत।** करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी के आरोपी अमत खंपरिया के खिलाफथाना संजीव नगर में एक और एफआईआर दर्ज की गई है। इस बार थाना संजीवनी नगर में अमित खंपरिया के खिलाफमारपीट एवं एससीएसटी एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर, जांच में लिया गया है। संजीवनी नगर पुलिस ने बताया कि संजीवनी नगर निवासी राजेश झारिया ने एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा को जनसुनवाई में शिकायत देते हुए बताया था कि विगत 24 फरवरी को संजीवनी नगर स्थित प्लाट पर उसे अमित खंपरिया मिला था। उस समय राजेश के साथ संजय मोरवाल एवं अमित पटेल साथ में थे। अमित खंपरिया ने राजेश झारिया को जातिगत रूप से अपमानित करते हुए गाली गलौज की एवं थप्पड़ मारा था। इसके बाद धमकी देते हुए कहा कि प्लाट की रजिस्ट्री करवाओ या अनुबंध पत्र की राशि वापस करो, जबकि उसका उक्त प्लाट से कोई लेना देना नहीं है। शिकायत की जांच करते हुए अमित खंपरिया के खिलाफ मामला दर्ज कर, जांच में लिया गया है।



# स्कार्पियो चालक ने 4 वर्षीय बालक को कुचला; मौत

## पुलिस ने आरोपी को दबोचा

**जबलपुर यश भारत।** चरगवॉ में घर के सामने खेल रहे 4 वर्षीय बालक को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो चालक कुचल कर फरार हो गया था। आनन-फानन में परिजनों ने बालक को अस्पताल में भर्ती किया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हैं फरार आरोपी को दबोच लिया है।



थाना प्रभारी चरगवॉ विनोद पाठक ने बताया कि आज चरगवॉ अंतर्गत ग्राम केदारपुर निवासी 4 वर्षिय बालक आयुष झारिया घर के सामने खेल रहा था, गोटेगॉव की ओर से आ रही स्कार्पियो के चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये घर के सामने खेल रहे आयुष को टक्कर मार दी जिससे आयुष गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे परिजनों द्वारा मेडिकल कालेज ले जाया गया जहॉ डाक्टर ने चैक कर आयुष को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये स्कार्पियो क्रमांक एमपी 20 सीजी 5496 जप्त करते हुये स्कापिर्यो चालक अनिल पटेल निवासी कुकलाह गोटेगॉव को अभिरक्षा में लेते हुए प्रकरण में विधिवत गिरफ्तारी की जा रही है।

# पेट्रोल डालकर कार को किया आग के हवाले

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल में पुरानी रंजिश के चलते घर के सामने खड़ी कार में आग लगाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जिस वक्त यह घटना हुई पीड़ित अपने घर में सो रहा था, तभी पड़ोसियों ने जब धुंए के उठ रहे गुबार को देखा तो तत्काल पीड़ित को सूचना दी। जिसके बाद पड़ोसियों की मदद से पीड़ित ने आग को किसी तरह बुझाया, लेकिन तब तक कार का आधा हिस्सा चल चुका था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सचिन साहू पिता राजकुमार साहू, पन्नी मोहल्ला का निवासी है। देर रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने घर के सामने खड़ी कार में आग लगा दी। गनीमत यह रही कि आग की लपटें घर तक नहीं पहुंची। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस ने मामला दर्ज कर, सीसीटीव्ही फुटेज तलाश रही है।



रंजिशन दिया वारदात को अंजाम, वाहन का आधा हिस्सा जला

## नींद के झोंके ने छीन ली जिंदगी

जबलपुर यश भारत। जिले के शहपुरा में अमन ढाबा के पास अज्ञात युवक सफ़र के दौरान किसी ट्रेन से गिर गया और उसकी मौत हो गई। जिसके बाद उसकी मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए घटना की पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 वर्षीय अज्ञात युवक ट्रेन के गेट पर बैठकर सफ र कर रहा था जिसे अचानक नींद का झोंका आ गया और अपना व संतुलन ट्रेन के नीचे गिर गया इस घटना में मृतक के सिर एवं शरीर के अन्य अंगों में गंभीर रूप से चोट आने के कारण दुर्घटना स्थल पर ही अधिक खून बह गया।


**न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जबलपुर**

राप्रक्र/1233/2021-2022
जबलपुर दिनांक 11/04/2022

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती शकुनतला वगैरह पति स्व प्रकाशचंद गुप्ता निवासी 1417 गोरखपुर सनातन मंदिर मार्ग जबलपुर के द्वारा मौजा कछपुरा स्थित भूमि खसरा नंबर 832/1,853/3, 853/20 में से रकवा 380 वर्गफुट भूमि पर दर्ज विक्रेता प्रकाशचंद गुप्ता की मृत्यु दिनांक 6.8.2014 को हो जाने के कारण वारसान हक में फौती वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन हक प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यकित संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 29.4.22 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक - 11.4.2022**
**पेशी दिनांक -29.4.2022**

तहसीलदार
अधारताल जबलपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर**
**लोककर्म विभाग, निविदा आमंत्रण सूचना**

N.I.T. No. /PWD/e-tendering/PRO/154 दिनांक : 25.04.2022

पंजीकृत ठेकेदार/ मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिये आनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | पैकेज/कोड | कार्य का विवरण | जिला | अनुमानित लागत (लाख में) | निर्माण अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुख्यालय | नगर निगम जबलपुर सीमाअंतर्गत संभाग क्र. 01 से 16 तक विभिन्न क्षतिग्रस्त सड़कों का डब्ल्यू.बी.एम. डामलीकरण, निर्माण कार्य बाबत्। | जबलपुर | 175.29 (एक करोड़ पचहत्तर लाख उन्तीस हजार रुपये मात्र) | 06 माह |

(1) इच्छुक निविदाकार निविदा सूचना (NIT) का विवरण www.mptender.gov.in में देख सकते है। (2) निविदा प्रपत्र दिनांक 27.04.2022 को प्रातः 10.30 बजे से दिनांक 27.05.2022 सायं 5.30 बजे तक ऑनलाईन निविदा क्रय की जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री, नगर निगम, जबलपुर



**कार्यालय जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर**

क्र./जविप्रा/तक./2022/ जबलपुर, दिनांक : / /2022

प्रारूप सत्रह (क)
नियम 19 (4) देखिए

**धारा 50 की उप-धारा (2) के अधीन नगर विकास स्कीम को प्रत्याहृत करने हेतु सूचना**

मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23, सन् 1973) की धारा 50 की उप-धारा (2) के अधीन सर्वसाधारण की जानकारी के लिये एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम महाराजपुर, हथना एवं खैरी हेतु जबलपुर विकास प्राधिकरण द्वारा तैयार की गई नगर विकास स्कीम क्रमांक TDS-04/JBP/2020 के प्रस्ताव को राज्य सरकार द्वारा निरस्त किया गया है।

अतएव, धारा 50 की उप-धारा (1) के अधीन ज्ञाप क्रमांक 277 दिनांक 29.09.2020 एवं ज्ञाप क्रमांक 238 दिनांक 12.11.2021 द्वारा प्रकाशित उपरोक्त स्कीम संबंधी आशय को जबलपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रत्याहृत किया जाता है।

मुख्य कार्यपालिक अधिकारी
जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सिवनी (म.प्र.)**

विज्ञापन पत्र क्रमांक/1335/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड/2022 सिवनी, दिनांक 18.04.2022

**निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)**

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्यूरमेंट ई टेंडरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है -

| निविदा सूचना क्र. /दिनांक | ई-टेंडरिंग पद्धति क्र. | कार्य का नाम | कुल अनुमा. लागत (रु. लाख में) | कुल अमानती राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि | ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01/नि.प्र. /2022-23 दिनांक 18.04.22 | 2022_PHED_197783_1 | जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिवनी जिले के विकासखंड कुरई के ग्राम/बसाहट तेलिया, कमकापुर, मोहम्मदपुर रैयत, सारसडोल, परतापुर, रजौला, आमगांव, टुरिया, खवासा, धनौली, दरासी कला, डूण्डासिवनी, दरासी खुर्द, जुगरा टोला, कोहका, जामुन टोला, फिटकरी टोला (सुकतरा), बिहिरिया, कलबोड़ी, सुकतरा, धोबीसर्रा एवं धोबसर्रा टोला में पूर्व से विद्यमान नलजल प्रदाय योजना का रेट्रोफिटिंग कार्य 20/30 कि.ली. क्षमता का आर.सी.सी. सम्पवेल निर्माण (आमगांव, खवासा, धनौली, डूण्डासिवनी, परतापुर, टुरिया, कोहका एवं धोबीसर्रा), 50/75 कि.ली. क्षमता का आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी निर्माण (तेलिया, सारसडोल, धनौली, डूण्डासिवनी, दरासी खुर्द एवं आमगांव) इत्यादि सामग्री एवं मजदूरी सहित, 100 प्रतिशत एफ.एच.टी.सी. एवं 90 दिवस का ट्रायल रन सहित कार्य। समूह क्रमांक 01 (तृतीय आमंत्रण) | 497.47 | 497479.00 | 15000.00 | 04.05.22 | 04.05.22 | 180 दिवस (वर्षाकाल सहित) 90 दिवस ट्रायल रन सहित | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत स सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार |
| 01/नि.प्र. /2022-23 दिनांक 18.04.22 | 2022_PHED_197785_1 | जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिवनी जिले के विकासखंड कुरई के ग्राम/बसाहट चक्कीखमरिया, थांवरझोड़ी बापू टोला, परासपानी, सिल्लौर, ग्वारी, बेलपेठ, सापापारा, सागर, बादलपार खुर्द, डुंगरिया, बादलपार, जोगीवाड़ा, डूण्डयेर, कोटकसा, घाटकोहका एवं स्कूल टोला में पूर्व से विद्यमान नलजल प्रदाय योजना का रेट्रोफिटिंग कार्य 20/30 कि.ली. क्षमता का आर.सी.सी. सम्पवेल निर्माण (चक्कीखमरिया, थांवरझोड़ी बापू टोला, सिल्लौर, ग्वारी, बेलपेट, सापापार, डुंगरिया, बादलपार एवं जोगीवाड़ा), 50/75 कि.ली. क्षमता का आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी निर्माण (चक्की खमरिया, ग्वारी, सागर, बादलपार खुर्द, कोटकसा एवं बादलपार) इत्यादि सामग्री एवं मजदूरी सहित, 100 प्रतिशत एफ.एच.टी.सी. एवं 90 दिवस का ट्रायल रन सहित कार्य। समूह क्रमांक 02 (तृतीय आमंत्रण) | 495.54 | 495540.00 | 15000.00 | 04.05.22 | 04.05.22 | 180 दिवस (वर्षाकाल सहित) 90 दिवस ट्रायल रन सहित | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत स सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार |
| 01/नि.प्र. /2022-23 दिनांक 18.04.22 | 2022_PHED_197786_1 | जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिवनी जिले के विकासखंड कुरई के ग्राम/बसाहट पोटिया, करजमारा रैयत, खण्डासा, गोरखपुर, पाटन, रिड्डी, पीपरवानी, कुरई, पिण्डकापार, कोदाझिरी, सेठेवानी, पिण्डरई, चिखली, चिखली टोला, रमपुरी एवं आवास टोला में पूर्व से विद्यमान नलजल प्रदाय योजना का रेट्रोफिटिंग कार्य 20/30 कि.ली. क्षमता का आर.सी.सी. सम्पवेल निर्माण (पोटिया, खण्डासा, पाटन, पीपरवानी, कुरई, पिण्डकापार, रिड्डी एवं पिण्डरई), 50/75/100 कि.ली. क्षमता का आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी निर्माण (पोटिया, खण्डासा, पाटन, पीपरवानी, सेठेवानी, चिखली एवं रिड्डी) इत्यादि सामग्री एवं मजदूरी सहित, 100 प्रतिशत एफ.एच.टी.सी. एवं 90 दिवस का ट्रायल रन सहित कार्य। समूह क्रमांक 03 (तृतीय आमंत्रण) | 491.40 | 491400.00 | 15000.00 | 04.05.22 | 04.05.22 | 180 दिवस (वर्षाकाल सहित) 90 दिवस ट्रायल रन सहित | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत स सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार |
| 01/नि.प्र. /2022-23 दिनांक 18.04.22 | 2022_PHED_197788_1 | जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिवनी जिले के विकासखंड छपारा के ग्राम गंगई रैयत, नांदिया खुर्द, सिवनी, घुनई, करेली, पायली कोडिया, मसूरभांवरी, देवरी कला, पीपरढाना (डुक्के टोला), सालवाड़ा माल, नांदिया रैयत एवं सागर में पूर्व से विद्यमान नलजल प्रदाय योजना का रेट्रोफिटिंग कार्य 20/30/40 कि.ली. क्षमता का आर.सी.सी. सम्पवेल निर्माण (गंगई रैयत, सिवनी, घुनई करेली, पायली कोडिया, मसूरभांवरी, देवरी कला, पीपरढाना (डुक्के टोला), सालीवाड़ा माल एवं सागर), 75 कि.ली. क्षमता का आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी निर्माण (पायली कोड़िया एवं सागर) इत्यादि सामग्री एवं मजदूरी सहित, 100 प्रतिशत एफ.एच.टी.सी. एवं 90 दिवस का ट्रायल रन सहित कार्य। समूह क्रमांक 04 | 499.90 | 499900.00 | 15000.00 | 04.05.22 | 04.05.22 | 180 दिवस (वर्षाकाल सहित) 90 दिवस ट्रायल रन सहित | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत स सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार |
| 01/नि.प्र. /2022-23 दिनांक 18.04.22 | 2022_PHED_197789_1 | जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिवनी जिले के विकासखंड सिवनी के ग्राम डोकरलांजी, नयेगांव एवं कटेगांव, विकासखंड बरघाट के ग्राम भीपाठा, मरकठा एवं लालपुर तथा विकासखंड केवलारी के ग्राम डोकरलांजी, टोला, डुंगरिया, झोला, चिखला टोला एवं ग्वारी सिंघोड़ी में पूर्व से विद्यमान नलजल प्रदाय योजना का रेट्रोफिटिंग कार्य 20 कि.ली. क्षमता का आर.सी.सी. सम्पवेल निर्माण (विकासखंड बरघाट के ग्राम भीमपाठा, मगरकठा एवं लालपुर), 50/75 कि.ली. क्षमता का आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी निर्माण (विकासखंड बरघाट के ग्राम भीमपाठा, मगरकठा एवं लालपुर तथा विकासखंड केवलारी के ग्राम डोकरलांजी, झोला एवं ग्वारी सिंघोड़ी) इत्यादि सामग्री एवं मजदूरी सहित, 100 प्रतिशत एफ.एच.टी.सी. एवं 90 दिवस का ट्रायल रन सहित कार्य। समूह क्रमांक 05 | 447.63 | 447630.00 | 15000.00 | 04.05.22 | 04.05.22 | 180 दिवस (वर्षाकाल सहित) 90 दिवस ट्रायल रन सहित | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत स सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार |
| 01/नि.प्र. /2022-23 दिनांक 18.04.22 | 2022_PHED_197790_1 | जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिवनी जिले के विकासखंड लखनादौन के ग्राम सुरई, सेमरताल एवं ज्वारा + डाला तथा विकासखंड छपारा के ग्राम बेरीढाना, बीजादेवरी, मोहली, कोडिया मालल जोगीवाड़ा अकलमा, देवरी माल एवं कोण्ड्रा में पूर्व से विद्यमान नलजल प्रदाय योजना का रेट्रोफिटिंग कार्य 20/40/50 कि.ली. क्षमता का आर.सी.सी. सम्पवेल निर्माण (विकासखंड लखनादौन के ग्राम ज्वारा+ डाला, सेमरताल एवं सुरई), 50 कि.ली. क्षमता का आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी निर्माण (विकासखंड लखनादौन के ग्राम ज्वारा+ डाला) इत्यादि सामग्री एवं मजदूरी सहित, 100 प्रतिशत एफ.एच.टी.सी. एवं 90 दिवस का ट्रायल रन सहित कार्य। समूह क्रमांक 06 | 190.33 | 190330.00 | 12500.00 | 04.05.22 | 04.05.22 | 180 दिवस (वर्षाकाल सहित) 90 दिवस ट्रायल रन सहित | म.प्र. लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत स सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार |

जी-11834/22 कार्यपालन यंत्री

# World Class Station परिसर में प्लास्टिक कचरे का अंबार

### पर्यावरण पर संकट

**भोपाल।** स्टेशन तो विश्व स्तरीय है लेकिन साफ—सफाई में शुरू से पिछड़ता जा रहा है। हाल ही में प्लेटफार्म और पार्किंग क्षेत्र में गंदगी से यात्री परेशान थे तो अब परिसर में पालीथिन कचरे का अंबार लगा हुआ है। ये ऐसे क्षेत्र हैं जहां तक यात्रियों का सीधा आना—जाना तो नहीं है लेकिन ये स्टेशन परिसर का ही हिस्सा है जहां तेज गति वाली ट्रेनों के गुजरने पर कचरा भी फैल् जाता है।

### रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म

चार व पांच के इटारसी छोर की ओर पालीथिन कचरे का ढेर लगा हुआ है। यही स्थिति दूसरे हिस्सों की है। यार्ड क्षेत्र में पालीथिन कचरे का स्तर बीते महीने की तुलना में बढ़ता जा रहा है। बताया जाता है कि ट्रेन से गुजरने वाले यात्री सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग करते हैं और फेंक देते है स्टेशन यार्ड में इसे उठाया जाना चाहिए, जो कि नहीं उठाया जा रहा है। वहीं स्टेशन परिसर से निकलने वाले कचरे यार्ड में ही ठिकाना लगाया जा रहा है, जिसकी वजह से इटारसी आउटर पर प्लेटफार्म—पांच से पिट लाइन के बीच में कचरा जमा हुआ है।

### परिसर में हरियाली भी गायब

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन परिसर में हरियाली नहीं है। पूर्व में जो पेड़ लगे थे उन्हें काट दिया गया है। प्लेटफार्म—एक और पांच की ओर सैंकड़ों बड़े पेड़ थे उन्हें निर्माण के नाम पर काटा



गया है। यह कटाई स्टेशन का विकास करने वाली बंसल पाथ—वे हबीबगंज प्राइवेट लिमिटेड ने की है। अनुबंध शर्तो के तहत निजी कंपनी को परिसर में हरियाली का दायरा बढ़ाना था जो कि नहीं बढ़ाया जा रहा है। दूसरी तरफ निर्माण कार्यों पर लगातार जोर हैं। ये निर्माण कार्य व्यवसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है।

### शौचालय सीमित

स्टेशन पर यात्रियों के लिए शौचालयों की संख्या भी सीमित है। यात्री वैभव सिंह का कहना है कि पूर्व में आसानी से शौचालय मिल जाते थे अब तो बहुत खोजना पड़ रहा है। तब मिलते हैं। दरअसल, प्रत्येक दो प्लेटफार्मों इटारसी और भोपाल आउटर पर एक—एक शौचालय ही है।

# किसान को देसी गाय रखने पर 900 रुपये प्रतिमाह अनुदान देगी सरकार



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में प्राकृतिक कृषि को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार किसानों को देसी गाय रखने पर प्रतिवर्ष दस हजार 800 रुपये यानी प्रतिमाह नौ सौ रुपये का अनुदान देगी। प्राकृतिक कृषि किट लेने के लिए 75 प्रतिशत तक राशि भी उपलब्ध कराई जाएगी। खरीफ सीजन से पांच हजार 200 गांवों में प्राकृतिक खेती की गतिविधियां प्रारंभ की जाएंगी। प्रदेशभर में कार्यशालाएं होंगी और प्रत्येक विकासखंड में पांच-पांच पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं की सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। प्राकृतिक खेती के लिए देसी गाय आवश्यक है। देसी गाय होगी, तो किसान जीवामृत और घन जीवामृत बना सकेगा। इसलिए हमने किसान को 900 रुपये प्रति माह देने का फैसला किया है। इस तरह एक वर्ष में किसान को कुल 10,800 रुपये मिलेंगे। श्यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को नीति आयोग द्वारा नवोन्वेषी कृषि पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल होकर कही। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में प्राकृतिक कृषि विकास बोर्ड का गठन किया है, जो किसानों को प्रोत्साहित करेगा। सभी जिलों में 100-100 गांवों में प्राकृतिक खेती करने के लिए किसानों को तैयार किया जाएगा। अगले माह में कृषि से जुड़े विभागों के अधिकारियों के लिए कार्यशाला करेंगे। उन्होंने बताया कि अब तक एक लाख 65 हजार किसानों ने प्राकृतिक खेती में रूचि दिखाई है। वे स्वयं पांच एकड़ क्षेत्र में प्राकृतिक खेती करेंगे। मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों से भी कहा गया है कि वे भी आगे आएं ताकि उन्हें देखकर अन्य किसान भी प्रेरित हों। प्राकृतिक खेती के लिए देसी गाय आवश्यक है। इसके गोबर और मूत्र से ही जीवांमृत तथा धनजीवांमृत बनाए जा सकते हैं। इसके लिए तय किया है कि किसानों को देसी गाय रखने के लिए 900 रुपये प्रति माह यानी 10 हजार 800 रुपये प्रतिवर्ष अनुदान के तौर पर दिए जाएंगे। प्रत्येक गांव में किसान मित्र और किसान दीदी की व्यवस्था भी होगी, जो प्राकृतिक खेती के मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य करेंगे। इन्हें मानदेय भी दिया जाएगा।

### भूमि के संरक्षण के लिए जरूरी है प्राकृतिक खेती

मुख्यमंत्री ने कहा कि रसायनिक उर्वरकों के उपयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित हुई है। भूमि की सतह कठोर होने के साथ आमजन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भूमि के संरक्षण के लिए प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने का आह्वान किया है। मध्य प्रदेश में नर्मदा नदी के दोनों ओर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। कार्यशाला को गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने संबोधित किया। इसके तकनीकी सत्र में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएसजगन मोहन रेड्डी ने भी अपने विचार रखे।

# ग्रामीण अंचल में दूर-दूर से पानी लाने को मजबूर लोग

## हैंडपंप में मोटरपंप डालकर की जाएगी जलापूर्ति



**भोपाल।** प्रदेश में तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे में ग्रामीण अंचल में जलसंकट गहराने लगा है। खासकर पठार (पहाड़ी) पर बसे ग्रामीणों को पानी के लिए दूर खेतों तक जाना पड़ रहा है। आठ-आठ घंटे बिजली गुल रहने या कम वोल्टेज के कारण टंकियां नहीं भर पा रही हैं। इस कारण पानी की सप्लाई बाधित हो रही है और लोगों को कुओं की तलहटी में जाकर पानी निकालना पड़ रहा है। कई जगह पानी खरीदने की नौबत भी आ गई है। कुछ जिलों में निजी ट्यूबवेल अधिग्रहित किए जा रहे हैं। इतने पर भी प्रदेश में 23 हजार 507 हैंडपंप, 1149 नल-जल योजनाएं बंद हैं। 681 सिंगल फेस मोटर खराब हैं। मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद पीएचई ने इंजीनियरों की टीम मैदान में उतार दी है। मैदानी अधिकारियों से कहा गया है कि चाहे नए ट्यूबवेल खोदने पड़ें, हैंडपंप लगाने पड़ें, निजी नलकूपों का अधिग्रहण करना पड़े या पानी का परिवहन करना पड़े, जनता परेशान नहीं होनी चाहिए। अधिकारी दौरा करें और हर शिकायत की सुनें एवं निराकरण करें।

### सरकार पेयजल उपलब्ध कराने में विफल - अजय सिंह

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने राज्य सरकार पर पेयजल उपलब्ध कराने में विफल होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि बिजली कटौती और लो-प्रेशर के कारण गांव, कस्बा, शहर में पानी की टंकियां नहीं भर रही हैं। सरकार समस्या का पूर्वानुमान नहीं लगा पाई। स्थिति विकराल होने पर मुख्यमंत्री बैठकें लेकर हिदायत दे रहे हैं। जनवरी से तैयारी शुरू करते तो यह नौबत ही नहीं आती। उन्होंने कहा कि सरकार 17 साल में पेयजल समस्या हल नहीं हो पाई है।

अब जल स्तर कम होने पर हैंडपंप में मोटरपंप डालकर जलापूर्ति की जाएगी। हैंडपंप सुधारने के लिए विकासखंड स्तर पर मोबाइल टीम गठित कर दी हैं। यह जानकारी पीएचई विभाग के अधिकारियों ने सोमवार शाम समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को दी। अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में 95.80 प्रतिशत हैंडपंप चालू हैं। दो हजार से अधिक सिंगल फेस मोटर पंप उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि हैंडपंप सुधारने के लिए आउटसोर्स पर अमला रखा गया है। अधिकारियों ने बताया कि सभी जिलों में हैंडपंप सुधारने से संबंधित शिकायतों के लिए शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का गठन किया जा रहा है। जिला, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में शिकायत रजिस्टर रखने के निर्देश दिए हैं। गर्मी में पेयजल समस्या के निदान के लिए पांच हजार नए हैंडपंप लगाने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज 2.17 लाख में से एक लाख 94 हजार 768 शिकायतों का निराकरण किया है।

# स्टेट फार्मेसी काउंसिल मप्र के चुनाव कराने की मांग

### फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया को लिखा पत्र



**भोपाल।** फार्मासिस्टों की समस्याएं लंबित होने और भोपाल स्टेट फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने मप्र राज्य फार्मेसी काउंसिल के चुनाव जल्द कराने की मांग की है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजन नायर ने फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया के अध्यक्ष डा. मोंटू एम पटेल को पत्र लिखकर जल्द चुनाव कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि चुनाव नहीं होने की वजह से काउंसिल में कई अनियमितताएं हैं। फार्मासिस्टों की समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा हैं। 20 साल से काउंसिल के चुनाव नहीं हुए हैं। राजन नायर ने बताया कि फार्मासिस्ट की कई बड़ी समस्याएं हैं, जिनकी अनदेखी की जा रही है। अधिकारी मांगों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। इसकी एक बड़ी वजह है फिर फार्मासिस्ट की मांग शासन स्तर पर उठाने के लिए कोई चयनित संस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया के साथ ही सभी फार्मेसिस्ट एक हस्ताक्षर अभियान चलाएंगे। सभी के दस्तखत वाले कागजात प्रधानमंत्री कार्यालय को भी भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में संचालित मेडिकल स्टोर्स की निगरानी नहीं हो रही है। जहां दवा, वहां फार्मासिस्ट के नियम का पालन नहीं हो रहा है। कई मेडिकल स्टोर फार्मासिस्टों के लाइसेंस किराए पर लेकर चलाए जा रहे हैं।

### मध्य प्रदेश मेडिकल काउंसिल में सिर्फ 17000 डॉक्टरों ने ही कराया वेरीफिकेशन

उधर, मध्य प्रदेश मेडिकल काउंसिल ने पहली बार पंजीकृत डॉक्टरों के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की है। इसका मकसद यह पता लगाना है कि प्रदेश में फिलहाल कुल कितने डॉक्टर हैं। सत्यापन का समय दो बार बढ़ाया जा चुका है। इसके बाद भी अभी तक सिर्फ 17000 डॉक्टरों ने सत्यापन के लिए एमपी ऑनलाइन के माध्यम से दस्तावेज जमा कराए हैं। दस्तावेज जमा करने की आखिरी तारीख 15 मई है। बता दें कि मध्य प्रदेश मेडिकल काउंसिल में 55000 डॉक्टर पंजीकृत है।



# गेहूं निर्यात को बढ़ावा देने के लिए गुजरात, महाराष्ट्र और बंगाल भेजे गए अधिकारी

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश के गेहूं का निर्यात बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने अधिकारियों को गुजरात, महाराष्ट्र, बंगाल और आंध्र प्रदेश भेजा है। अधिकारी वहां निर्यातकों से बातचीत कर उन्हें मध्य प्रदेश का गेहूं निर्यात करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। इसके लिए मंडी बोर्ड में पंजीयन का शुल्क भी 3.16 लाख रुपये से घटाकर मात्र 1000 रुपये किया गया है। डेढ़ प्रतिशत मंडी शुल्क की प्रतिपूर्ति भी सरकार करेगी और बंदरगाहों पर अनाज रखने का व्यवस्था भी बनाई गई है ताकि निर्यातकों को परेशानी न हो।

### तीन लाख टन गेहूं निर्यात

मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक विकास नरवाल ने बताया कि गेहूं निर्यात बढ़ाने के लिए उठाए गए इन कदमों के परिणाम सामने आ रहे हैं। अभी तक प्रदेश से तीन लाख टन गेहूं निर्यात किया जा चुका है। अभी तक तीन पंजीयन हुए हैं। उधर, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गेहूं और चना उपार्जन के साथ ही गेहूं निर्यात को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि उपज बेचने के बाद भुगतान नहीं होने की शिकायतें मिल रही हैं। जो भी समस्या है, उसे तत्काल दूर करें। भुगतान में विलंब नहीं होना चाहिए।

### किसान के आधार से लिंक खाते में भुगतान करने की व्यवस्था

वहीं, अधिकारियों ने बताया कि इस बार किसान के आधार से लिंक खाते में भुगतान करने की व्यवस्था लागू की है। इसमें कुछ समय लगा है। रविवार तक 25 लाख 76 हजार टन गेहूं का उपार्जन किया गया। किसानों को 5191 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाना है। 1107 करोड़ रुपये के भुगतान पत्रक तैयार हो चुके हैं। 24762 किसानों को 344 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया है। अब प्रतिदिन लगभग 35 हजार किसानों के खातों में पांच सौ करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा। दो मई तक सभी लंबित भुगतान कर दिए जाएंगे।

# मैनिट में आज से शुरू होगी दो दिवसीय मेंटरशिप वर्कशाप



**भोपाल।** राजधानी में स्थित मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी (मैनिट) में मंगलवार से मेंटरशिप वर्कशाप शुरू हो रही है। डिपार्टमेंट आफ साइंस एंड टेक्नोलाजी द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम इंस्पायरिंग अवार्ड - मानक के तहत यह दो दिवसीय कार्यशाला संस्थान के रोल्टा इंक्युबेशन सेंटर में आयोजित की जा रही है। इसमें उन विद्यार्थियों को मेंटरशिप की शुरूआत भी की जा रही है, जिनके यूनीक आइडिया प्रदेश के सैकड़ों विद्यार्थियों के बीच चुने गए हैं। कक्षा 6वीं से 10वीं कक्षा तक के कुल 9 विद्यार्थियों को मेंटरशिप दी जाएगी। इंस्पायरिंग अवार्ड प्रतियोगिता में चुने गए इन विद्यार्थियों के माडल या आइडिया को अब मैनिट के प्रोफेसर्स और विशेषज्ञ और उपयोगी बनाने के लिए मागर्दशन देंगे। बच्चों के आइडिया को और उपयोगी बनाकर उसे समाजहित में कैसे प्रस्तुत किया जाए, यह हुनर अब ये बच्चे इस मेंटरशिप के माध्यम से सीखेंगे।

### बच्चों को मिलेगा फायदा

इस मेंटरशिप कार्यक्रम की समन्वयक डा. ज्योति सिंघई ने बताया कि इन विद्यार्थियों को प्रदेश भर से सिलेक्ट किया गया है। गांव, कस्बों और शहरों से चुने गए इन बच्चों के यूनीक आइडिया को अब और उपयोगी बनाने को लेकर वर्कशाप में चर्चा होगी। डा. सिंघई मैनिट में फेकल्टी वेलफेयर की डीन हैं और इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर भी हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर के गांवों, कस्बों और शहरों से चुने गए कुल नौ विद्यार्थियों के आइडिया यूनीक हैं। अब इन आइडियाज को और उपयोगी बनाकर मैनिट के प्रोफेसर समाजहित में अपना योगदान देंगे। यह मेंटरशिप बच्चों को सीधे तौर पर मिलेगी।

# गलत ट्वीट कर फिर घिरे कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह फिर गलत ट्वीट कर भाजपा के निशाने पर आ गए। इस बार उन्होंने छतरपुर में अवैध शराब के विक्रय को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के संसदीय क्षेत्र खजुराहो से जोड़कर ट्वीट किया, जबकि छतरपुर का यह स्थान खजुराहो संसदीय क्षेत्र में है ही नहीं। इसे लेकर प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी लोकेंद्र पाराशर ने ट्वीट कर तंज कसा कि दिग्विजय सिंह को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का फोबिया हो गया है। दिग्विजय सिंह ने सोमवार को तीन ट्वीट किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के चुनाव क्षेत्र के शराब ठेकेदार नितिन वाजपेयी के ढाबों पर अवैध शराब बेचने के लिए बजरंग दल के संयोजक का लेन-देन को लेकर झगड़ा होता है। शराब ठेकेदारों के कर्मचारियों की बजरंग दल का संयोजक सुरेंद्र शिवहरे पिटाई करता है। सबको खुलेआम धमकी देता है। थाने में रिपोर्ट होती है, पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। संयोग से उमा भारती भी इसी संसदीय क्षेत्र की सांसद रही हैं।



अब देखते हैं कि बजरंग दल के इस संयोजक और उसके साथियों की गिरफ्तारी होती है या नहीं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष से जोड़कर किए गए इस ट्वीट को भाजपा पदाधिकारियों ने झूठा करार दिया। पार्टी के इंटरनेट मीडिया के संयोजक अभिषेक शर्मा ने ट्वीट किया कि पार्टी हाईकमान की डांट पड़ने के बाद भी झूठ बोलने की आदत नहीं जा रही है। पता नहीं, उन्हें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से क्या खौफ है, जो उनके लोकसभा के आसपास की घटना को भी खजुराहो से जोड़कर बदनाम करने की कोशिश करते हैं। मालूम हो कि इसके पहले वे खरगोन के धार्मिक स्थल पर भगवा ध्वज फहराने की गलत फोटो ट्वीट कर विवाद में फंस चुके हैं।

## आरएनटीयू के जूडोका मोहित और धावक अब्दुल खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेने बैंगलुरु पहुंचे

**भोपाल।** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) के जूडो खिलाड़ी मोहित (66 किलोग्राम) और अब्दुल बारी 5000मीटर दौड़ में भाग लेने बैंगलुरु के कांतीरवा स्टेडियम चहुंच गए हैं। टीम के मैनेजर सतीश अहिरवार की अगुवाई में विश्वविद्यालय के दोनों खिलाड़ी बैंगलुरु पहुंच गए हैं। ज्ञात हो कि जूडो खिलाड़ी मोहित ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी जूड़ो (मेन्स वर्ग) में कांस्?य पदक जीतकर और धावक अब्दुल बारी ने 81वीं ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग में 5000 मीटर दौड़ जीतकर 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' के लिए क्वालिफाई किया था। विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर सिद्धार्थ चतुर्वेदी, कुलपति डॉ. ब्रम्ह प्रकाश पेठिया और कुलसचिव डॉ. विजय सिंह ने मोहित और अब्दुल बारी को खेलो इंडिया गेम्स में अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स हेंडबॉल टीम के ट्रायल्स आज

**भोपाल ।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन 4 से 13 जून तक पंचकुला हरियाणा में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश दल की हेंडबॉल टीम को शामिल करने खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 26 अप्रैल को लाल परेड ग्राउंड, भोपाल में सुबह 9 बजे सेलेक्शन ट्रायल किया जाएगा। ट्रायल में 16 बालक एवं 16 बालिकाओं का चयन किया जाएगा। खिलाड़ियों से कहा गया है कि वे सेलेक्शन ट्रायल के प्रारंभ होने के एक घंटे पूर्व आवश्यक दस्तावेज आयु प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, अंक सूची तथा अन्य प्रमाण-पत्र के साथ उपस्थित हो। सिलेक्शन ट्रायल में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को आवास, यातायात एवं भोजन व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

## भोपाल साई के धावकों ने 25वें राष्ट्रीय फेडरेशन कप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

**भोपाल।** भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र, भोपाल में एथलेटिक्स खेल मे प्रशिक्षण ले रहे पांच खिलाड़ियों ( अंकिता ध्यानी, सीमा, सुप्रीति कच्छप, अजय कुमार बिंद, मोहम्मद शाहरुख़) द्वारा सी. एच. मोहम्मद कोया स्टेडियम, कालीकट विश्वविद्यालय में आयोजित की गई 25वीं नेशनल फेडरेशन कप सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लिया गया व श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पदक जीते। इस प्रतियोगिता मे अंकिता ध्यानी ने 1500 मीटर रेस मे 4=16.07 का समय देते हुए पूरे देश मे द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार सीमा ने 10000 मीटर की रेस 34=31.44 में पुरा कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया व 5000 मीटर रेस में भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया । सुप्रीति कच्छप ने प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विश्व एथलेटिक्स अंडर-20,के लिए क्वालिफाई कर लिया है

# गरीबों को विस्थापित करने बनाए जा रहे कचरे जैसे मकान

**भोपाल।** आदमपुर छावनी स्थित लैंडफिल साईड की जमीन पर काबिज गांव वालों को स्थानांतरित करने के लिए बिना मापदंड और मानीटरिंग कचरे जैसे मकान बनाए जा रहे हैं। इन निर्माणाधीन घरों की दीवारों में साफ-साफ अधिकारियों के भ्रष्टाचार की दरारें दिखाई पड़ती है। मोटे कमीशन के चक्कर में ठेकेदार द्वारा इन आवासों का अमानक और घटिया निर्माण कराया जा रहा है। जो भविष्य में यहां रहने वालों के जीवन के लिए खतरा भी बन सकता है।निगम अधिकारियों ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से आदमपुर छावनी की 44 एकड़ जमीन लैंडफिल साइड के लिए आवंटित की गई है। इस जमीन के आसपास बस्तियां भी हैं, जिसमें 70 से अधिक परिवार रहते हैं। इन लोगों की वजह से कचरा खंती का विस्तार नहीं हो पा रहा है। अब इस जमीन को खाली करवाने के लिए नगर निगम अर्जुन नगर में 70 आवासों का निर्माण करवा रहा है। बिना अधिकारियों की मानीटरिंग के ये आवास भविष्य में दुर्घटना का बड़ा करण बन सकते हैं।

### 180 स्कवायर फीट में बना दिया किचन, कमरा और बाथरुम

180 स्कवायर फीट के मकान में 120 स्क्वायर फीट में एक कमरा, 36 स्क्वायर फीट का किचन और 24 स्क्वायर फीट का शौचालय बनाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इतने छोटे मकान में अपने परिवार के साथ कैसे रहेंगे। कायदे में इतना बड़ा घर चार लोगों के परिवार के लिए भी पर्याप्त नहीं है।

### बीम के सहारे खड़े कर दिए पिलर

जानकारी के अनुसार 15 बाय 12 के एक आवास की निर्माण लागत डेढ़ लाख रुपये है। इस प्रकार 70 मकान बनाने में एक करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके बावजूद इनका गुणवत्ताहीन निर्माण किया जा रहा है। यहां मकान बनाने के लिए पिलर गाड़ने की बजाय बीम डालकर उसमें ही पिलर खड़ा कर दिया गया है। ये पिलर भी आड़े-टेढ़े है। बीम व पिलर अभी से हिलने लगे हैं।

# जीवन का सर्वोत्तम सुख निरोगी काया-नंदनी





सिहोरा में स्वास्थ्य मेला का आयोजित महिला बालविकास ने बांट दिए कमलनाथ के पम्पलेट

**सिहोरा**- आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य भारत सरकार एवं मप्र सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त जिलों में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है इसी क ?ी में जबलपुर जिले के सिविल अस्पताल सिहोरा में के पास हिन्दी स्कूल में सोमवार को स्वास्थ्य मेला आयोजन विधायक नंदनी मरावी के मुख्य अतिथि एवं सी एच एम ओ डॉ रत्नेश कुररिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया किया गया ।

विकासखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेले में उपस्थित अपार जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक नंदनी मरावी ने कहा कि जीवन का पहला एंव सर्वोत्तम सुख निरोगी काया है इसके लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार अनेक जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं का संचालन कर रही है। विदित हो चिकित्सा की दृष्टि से सिविल अस्पताल सिहोरा की स्थिति काफी विषम रही है जिनको लगातार प्रयासो से दूर करने पर लगातार सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं जिला स्तरीय अस्पताल में उपलब्ध सभी सुविधाएं आमजन को अब सिहोरा सिविल अस्पताल में उपलब्ध हो रही है यह सब प्रदेश एवं केंद्र सरकार की नीतियों का परिणाम है। विधायक ने उपलब्ध स्वास्थ सुविधाओं में इजाफा करते हुए क्षेत्रीय जनो की मांग पर विधायक निधि से 4 लाख ? की सीआर मशीन सिविल अस्पताल को भेंट करने की घोषणा की। इसी कड़ी में आशा जनसेवा के संयोजक समाजसेवी विनय असाटी में आशा असाटी की स्मृति में अस्पताल को वाटर कूलर भेंट किया। इसी तरह विधायक ने आकस्मिक चिकित्सा कक्ष का भी लोकार्पण किया

### स्वास्थ्य मेले में 1636 रजिस्ट्रेशन

विकास खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दीपक गायकवाड से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य मेले में 1636 रजिस्ट्रेशन कराए गए थे जिसमें से 970 लोगों की हेल्थ आईडी 1135 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण 45 आयुष्मान कार्ड हृदय रोग पिडियाटिक नेत्र रोग नाक कान गला आदि व्याधियों का स्वास्थ्य मेले में विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा हितग्राहियों की जाँच एवं उपचार किया गया तथा नवजातों एवं गर्भवती महिलाओं की जाँच एवं टीकाकरण किया गया।

शिविर में सिविल अस्पताल प्रभारी डॉ आर्यन तिवारी के अलावा शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नंदन शर्मा भेजष विशेषज्ञ डॉ रिषी अहरवाल, नाक कान गला विशेषज्ञ नियोगी, हड्डी रोग नवीन कोठारी, एस एस ठाकुर,सुनील पटेल ,स्त्री रोग विशेषज्ञ भावना मिश्रा, मानसिक रोग डॉ नेहा राम सिंघानी, नेत्र रोग उषा दत्त, दंत रोग नेहा अवधिया, एवं रेडियोलॉजी पैथोलॉजी लैब टेक्नीशियन एंव डाक्टर हिरदेश पांडे,डाक्टर सुनील लटयार,नरेश शुक्ला, स्वेता कोष्टा सहित अन्य स्टाफ उपस्थित था। स्वास्थ्य मेले के दौरान सत्य साईं सेवा समिति सिहोरा के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया।

### कमलनाथ सरकार की फोटो पम्पलेट से मंचा हडकंप

स्वास्थ्य मेले मे प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी देने लगे अलग-अलग विभागों के स्टाल मे महिला बाल विकास विभाग द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की फोटो युक्त पंपलेट के वितरण पर भारी हंगामा मंच गया जब विधायक उक्त स्टाल पर गई तो पता चला वो पम्पलेट 11 बजे से बट रहे थे इस पर विधायक ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर जबलपुर से विभाग द्वारा की गई लापरवाही की शिकायत की।

**ये रहे उपस्थित**

मेले में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजा मोर, राजेश दाहिया,अभिषेक परौहा,अरुण जैन,बिनोद सेठी,अनुपम सराफ, माधव मिश्रा, शिशिर पांडे,ज्योति पटेल, गौरादेवी, विश्वकर्मा, गीता पटेल,संगीता सिंघई, निशा जैन ,रचित चौरसिया, सजल कुररिया,अशोक चौधरी के अलावा अनुविभागीय अधिकारी आशीष पांडे, तहसीलदार राकेश चौरसिया, विकास खंड शिक्षा अधिकारी अशोक उपाध्याय, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक पीएल रैदास, मुख्य नगरपालिका अधिकारी जय श्री चौहान आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# गेहूं खरीदी की पेमेंट ना होने से किसान परेशान

**पाटन ।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों से गेहूं की खरीदी की जा रही है जिसके लिए पाटन और आसपास की सभी सोसायटी को खत्म कर पाटन के पास ग्राम उ ?ना में साइलो केंद्र बनाया गया है जहां 10 अप्रैल से किसानों से गेहूं की खरीदी की जा रही है पर खरीदी के 15 दिन बाद भी किसानों के खाते में पेमेंट नहीं पहुंच रहा है शासन द्वारा खरीदी के 72 घंटे के अंदर उपज का भुगतान खातों में डालने की बात की जा रही है पर 15 दिन बीत जाने के बाद भी किसान परेशान नजर आ रहे हैं छितुरहा के किसान राजेश पटेल ने बताया कि उड़ना स्थित साइलो केंद्र में 12 अप्रैल को उन्होंने अपनी गेहूं की उपज विक्रय की थी पर आज तक उनके खाते में गेहूं का पैसा नहीं पहुंचा है वहीं ग्राम थाना के किसान सचिन यादव का कहना है कि उन के घर मे शादी है गेहु की उपज विक्रय किये दस दिन बीत गए पर भुगतान नही हुआ अब बह सोसायटियों के चक्कर काट रहे है पर उन्हें बताने बाला कोई नही है कि भुगतान कब किया जाएगा

### इनका कहना है

पाटन सायलो में की जा रही खरीदी का भुगतान प्रारंभ कर दिया गया है एक दो दिनों में सभी किसानों के खातों में पेमेंट पहुँच जाएगा।

**रोहित बघेल डी एम ओ**

## विकास प्रॉपेंट एंड ग्रेनाइट लिमिटेड का मेजर एक्सपांशन और डायवर्सिफिकेशन प्लान

**एजेंसी।** जोधपुर के कपार्डा जिले में खदानों से खनन करने और ग्रेनाइट के निर्माण करने वाली कंपनी विकास प्रॉपेंट एंड ग्रेनाइट लिमिटेड ने मेजर एक्सपांशन और डायवर्सिफिकेशन की योजना बनाई है, जिससे रियल एस्टेट और निर्माण क्षेत्र में भी प्रवेश किया जा सके। कंपनी आधुनिक प्राकृतिक पत्थर उत्खनन प्रक्रियाओं और तकनीकों का उपयोग कर खनन करती है। इस नए डिवीजन की योजना अपने व्यवसाय का ज्यादा रचनात्मक और स्मार्ट तरीके से विस्तार करने की है जैसे कि अखिल भारतीय स्तर पर मुख्यमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत समूह आवास परियोजनाओं का निर्माण करना, अखिल भारतीय स्तर पर गोदाम परियोजनाओं का निर्माण करना, मल्टीलेवल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास आदि के लिए सरकारी टेंडर्स को प्राप्त करना आदि। कंपनी किफायती आवासीय और औद्योगिक क्षेत्रों में रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स की योजना बना रही है, जिससे राजस्व और लाभ में वृद्धि होगी।कंपनी ने अपने कारोबार में विविधता लाकर विशिष्ट वैश्विक विस्तार वाले बाजारों में काम करना शुरू किया है। कंपनी ने विशाल खदानों का अधिग्रहण किया है।

## सेंट कैपिटल फंड कंपनी ने बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड में हिस्सेदारी खरीदी

**मुम्बई।**बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड (बीएसईः 540073, एनएसईः बीएलएस) सरकारों और नागरिकों के लिए एक विश्वनिय ग्लोबल टेक इनेबल सर्विस पार्टनर है, जो वीजा, पासपोर्ट, कांसुलर, नागरिक, ई-गवर्नेंस सत्यापन, बायोमेट्रिक, ई-वीजा और खुदरा सेवाओं के क्षेत्र में 2005 से काम करते हुए त्रुटिहीन सेवा प्रदान करने के लिए जानी जाती है। एनएसई पर उपलब्ध बल्क डील के आंकड़ों के अनुसार, सेंट कैपिटल फंड कंपनी ने बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड में 340 रुपए औसत की दर से 5,25,000 शेयर लिए है बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड को बिजनेस टुडे पत्रिका द्वारा भारत की सबसे मूल्यवान कंपनियों के रूप में मान्यता दी गई है, फोर्ब्स एशिया द्वारा बेस्ट अंडर ए बिलियन कंपनी और फॉर्च्यून इंडियाज नेक्स्ट 500 कंपनियों में स्थान दिया गया है।

# केबीसी ग्लोबल लिमिटेड में सिंगापुर बेस्ड फंड मेबैंक किम इंएनजी सिक्योरिटीज ने अपना हिस्सा बढ़ाया

**मुम्बइ।** कोविड 19 की चुनौतियों से उबरकर रियल्टी सेक्टर में जोरदार डिमांड देखने को मिल रही है। डिमांड बढ़ने से रियल एस्टेट कंपनियों के शेयरों में भी तेजी देखने को मिल रही है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए सिंगापुर स्थित फंड मेबैंक किम इएनजी सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड ने केबीसी ग्लोबल में हिस्सेदारी खरीदी है। कंपनी ने एनएसई पर थोक सौदे के जरिए उपलब्ध थोक सौदे के आंकड़ों के अनुसार फंड हाउस ने 9.99 रुपये प्रति शेयर की दर से लगभग 35 लाख शेयर खरीदे। कंपनी ने क्रेडाई नासिक प्रॉपर्टी एक्सपो में भी भाग लिया था, जहां उसने नासिक में किफायती आवास, मिड-सेगमेंट और लक्ज़री हाउसिंग से लेकर 12 प्रमुख प्रोजेक्ट्स को शोकेस किया और सफलतापूर्वक 9 से ज्यादा बुकिंग यानी 1% स्पॉट कनवर्जन किया और इसके अतिरिक्त निकट भविष्य में 50 से अधिक कनवर्जन की उम्मीद है।

वही हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में आईआईएफएल के वाइस प्रेसिडेंट -रिसर्च अनुज गुप्ता का कहना है कि मेटल और कमोडिटी की कीमतें बढ़ने के चलते रीयल एस्टेट कंपनियां प्रोजेक्ट की कीमतें बढ़ा रही हैं, जिससे आगे यह सेक्टर आउटपरफॉर्म कर सकता है। इनके कुछ शेयर डबल डिजिट में हाई रिटर्न दे सकते हैं।

देश में कोरोना वायरस महामारी का असर जिस सेक्टर पर सबसे ज्यादा पड़ा, उसमें रियल्टी सेक्टर भी है। हालांकि अब कोविड 19 की चुनौतियों से उबरकर इस सेक्टर में जोरदार डिमांड देखने को मिल रही है। डिमांड बढ़ने से रियल एस्टेट कंपनियों के शेयरों में भी तेजी देखने को मिल रही है। वहीं जियोपॉलिटिकल टेंशन के बीच मेटल, सीमेंट और कंस्ट्रक्शन में इस्तेमाल होने वाले अन्य कच्चे माल की बढ़ रही कीमतों से भी सेक्टर को सपोर्ट मिल रहा है।

## मलेरिया दिवस पर रेल मंडल में विविध आयोजन

**जबलपुर यश भारत।** विश्व मलेरिया दिवस पर रेलवे द्वारा मलेरिया के निदान के लिए रेलवे स्टेशन, रेलवे कॉलोनियों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरएन मिश्रा के निर्देश पर विश्व मलेरिया दिवस पर जबलपुर, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी, सतना, रीवा, दमोह, सागर आदि स्टेशनों में मलेरिया की रोकथाम के लिए ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव डालकर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इसके साथ ही लोगों को मच्छरों से बचाव एवं जागरूकता के लिए सतर्कता संबंधी जानकारी दी गई।नरसिंहपुर स्टेशन में रेल चिकित्सक डॉ. आरआर कुर्रे ने मलेरिया के लक्षणों उसकी जांच एवं उपचार के विषय में जानकारी देते हुए मलेरिया उन्मूलन के लिए स्वच्छता बनाए रखने की शपथ भी दिलाई।

# महंगाई की अर्थी निकालकर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन



**कुंडम।** प्रदेश में बढ़ती महंगाई और महिलाओं पर अत्याचार को लेकर महिला कांग्रेस ने प्रदेश सरकार का विरोध दर्ज किया जिला कांग्रेस कार्यालय से कांग्रेसियों के सैलाब के साथ महिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष रचना लिलहारे ने महंगाई की अर्थी को कंधा दिया और काली पुतली तक अर्थी कै लेजाया गया जहां सरकार को प्रदेश में बढ़ती महंगाई पर आड़े हाथों लेते हुए अर्थी का दहन किया इससे पूर्व सर्वप्रथम कांग्रेस कार्यालय में महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जबलपुर संभाग प्रभारी जमुना मरावी का स्वागत दोनों शहर और ग्रामीण जिला अध्यक्ष द्वारा किया गया तत्पश्चात कांग्रेस कार्यालय से मंहगाई की अर्थी को लेकर महिला कांग्रेस की बहने काली पुतली चौक धरना प्रदर्शन स्थल पहुंची जहां महंगाई की अर्थी का दहन किया गया इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती जमुना मरावी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार हर मुद्दे पर फेल हो चुकी है चाहे वह महंगाई का मुद्दा हो महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचार हो!

# सेबी निवेशकों को भुगतान क्यों नहीं कर रहा है जबकि उसके पास हमारे 25,000 करोड रुपये हैं :सहारा

**लखनऊ।** सहारा भी अपने निवेशकों की भांति ही सेबी से पीडित है। हमसे दौडने के लिए कहा जाता है जबकि हमें बेडियों में जकड कर रखा गया है।सहारा इंडिया परिवार ने आज एक स्टेटमेंट जारी कर कहा कि सहारा वर्तमान स्थिति का उतना ही शिकार है जितना कि उसके निवेशक हैं। सेबी के पास सहारा के 25,000 करोड रुपये रखे हैं और विगत् 9 वर्षों में सेबी ने निवेशकों को लगभग 125 करोड रुपये का ही भुगतान किया है। यह न तो तर्कसंगत है और न ही न्यायोचित है। सेबी को निवेशकों के हित में कार्य करना चाहिए। सेबी या तो निवेशकों को भुगतान शुरू करे या उस धन को सहारा को वापस करेए ताकि हम अपने निवेशकों को भुगतान कर सकें।


यह विडम्बना ही है कि एक ओर जहां माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार सहारा ने 25,000 करोड रुपये मय ब्याज सहारा.सेबी खाते में जमा कराए हैं और यह धन पिछले 9 वर्षों से सेबी के पास व्यर्थ पडा है वहीं दूसरी ओर हम पर लगे प्रतिबंध के कारण अपनी संपत्ति को बेचकर या गिरवी रखकर सहारा निवेशकों को सीधे भुगतान नहीं कर सकता। जब संपत्तियां प्रतिबंधित हों और उपलब्ध धन सहारा.सेबी खाते में जमा हो तो सहारा अपने निवेशकों को भुगतान करे तो कैसे करे जब सख्त बेडियां पडी हों तो कोई कैसे दौड सकता हैघ् इन सबके बावजूद सहारा भुगतान तो कर रहा है किंतु भुगतान में विलम्ब हो रहा है। सहारा अपने निवेशकों को पिछले 44 वर्षों से भली.भांति सेवाएं दे रहा है और अतीत में कभी भी कोई मुद्दा नहीं उठा है। सहारा और इसके निवेशक वर्तमान परिस्थिति के शिकार हैंए जहां एक ओर सहारा के 25ए000 करोड रुपये सेबी ने निवेशकों के हित के नाम पर अपने पास व्यर्थ में रखे हुए हैं वहीं दूसरी ओर सेबी ने मार्चए 2018 में घोषणा कर दी थी कि वह जुलाईए 2018 के बाद किसी भी निवेशक को भुगतान नहीं करेगा। सेबी का यह कृत्य निहायत ही गैर.जिम्मेदाराना है और निवेशकों के हितों के विरुद्ध है।

# मुख्य बाजारों के अतिक्रमण पर क्यों मौन हैं प्रशासन




**गाडरवारा( यश भारत )।** सरकार जिस तरह से शासकीय भूमि को मुक्त कराने में लगी हुई है निश्चित ही काफी उम्दा कार्य प्रतीत होता है परंतु गाडरवारा नगर के मुख्य बाजार में अतिक्रमण का अंबार लगा हुआ है मकान और दुकान मालिकों ने सड़क तक कब्जा जमा कर स्थाई रूप से अतिक्रमण किया हुआ है अनेक मकानों की सीढ़ियां चबूतरे सड़क पर बने हुए है जिससे सड़क किनारे निर्मित नाली पूर्णत: गायब हो चुकी है एवं चौडी सडके भी बाजार खुलते से ही गली में परिवर्तित हो जाती है उसका प्रमुख कारण सडको पर बोर्ड व विक्रय सामग्री लटका कर रखना इससे आवागमन करते हुए दुपहिया और चार पहिया वाहनों को नित परेशानियों का सामना करना पड़ता है परंतु शासन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों का इस और बिल्कुल भी ध्यान ना देने से शासन की मंशा पर पानी फिरता नजर आता है शहर के बाहरी इलाकों में अतिक्रमण हटाने की पहल जिस तेजी से हो रही है वह काबिले तारीफ है परंतु शहर के अंदर यातायात व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए शहर के अंदर मुख्य बाजार में भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने की आवश्यकता है।

## अधिवक्ता प्रभात रंजन त्रिवेदी प्रांतीय अध्यक्ष



**जबलपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी , राहुल गांधी , पार्टी की महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा एवं अखिल भारतीय कांग्रेस ब्रिगेड कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह बिसेन की सहमति से अधिवक्ता प्रभात रंजन त्रिवेदी को अखिल भारतीय कांग्रेस ब्रिगेड कमेटी का प्रांतीय अध्यक्ष महाकौशल प्रांत मध्य प्रदेश नियुक्त किया गया है।

# निगमायुक्त के निर्देश पर चल रही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई



**जबलपुर।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने एवं शहर को सुन्दर बनाने के लिए मुख्य मार्गो के सभी प्रकार के स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमणों को हटाने का कार्य लगातार किया जा रहा है। अतिक्रमण शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज नगर निगम के अतिक्रमण दस्ता एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में सड़क मार्ग में अवरोधक स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की गयी। सहायक आयुक्त प्रदीप झारिया, ने बताया कि रामपुर बंदरिया तिराहे से कटंगा चौराहे के बीच हाऊबाग् कॉलेज गेट के पास, धनवंतरी के आस-पास जितने भी ठेले दोबारा लगे हुए थे उन्हें हटाया गया, साथ ही साथ पुराने बैनर पोस्टर जो खंभों पर लग गए हैं उन्हें हटाने की कार्रवाई भी की गयी। उन्होंने बताया कि माल गोदाम प्लेटफार्म नंबर 6 पर कार्यवाही करते हुए सभी ठेले टपरे वालों को हटाया गया, एस पी कार्यालय से इंद्रा मार्केट रोड, निर्माणाधीन दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के बाहर प्रस्तावित बाउंड्री वॉल मैं बाधक ठेले टपरे हटाने की कार्रवाई की गयी। निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ ने निर्देशित किया कि जिन ठेले टपरों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है वे पुनः अतिक्रमण न करें इसके लिए सभी को अलग से हिदायत दें। निगमायुक्त ने दल प्रभारियों को भी जिम्मेदारी देते हुए कहा है कि सभी दल प्रभारी यह सुनिश्चित करें कि दोबारा कहीं पर भी अतिक्रमण न हो अन्यथा अतिक्रमणकारियों के साथ-साथ दल प्रभारियों के खिलाफ अब कार्रवाई की जायेगी। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण दल एहसान खान, लक्ष्मण कोरी, मुकेश पारस, राजू रैकवार, ब्रज किशोर तिवारी तथा अतिक्रमण दस्ता उपस्थित रहे।

**दोबारा कहीं अतिक्रमण न हो इसके लिए दल प्रभारियों को दी जिम्मेदारी**

## रामपुर सब्जी मंडी और गुलौआ हॉकर्स जोन का भी निरीक्षण

**जबलपुर।** निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के द्वारा आज रामपुर के सब्जी मंडी एवं गुलौआ स्थित निर्माणाधीन हॉकर्स जोन का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर स्मार्ट सिटी के सी.ई.ओ. श्रीमती निधि सिंह राजपूत भी उपस्थित रहीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संभागीय अधिकारी शैलेन्द्र मिश्रा को निर्देशित किया कि रामपुर सब्जी मंडी को अतिक्रमण टीम के साथ कार्य करके स्थाई रूप से व्यवस्थित कराएँ। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी दुकानें निर्धारित लाईन के अंदर ही लगवाई जाये। सड़क पर एक भी दुकान न लगने पाए, यह आपलोग सुनिश्चित करें।निगमायुक्त ने स्मार्ट सिटी द्वारा गुलौआ में कराये जा रहे हॉकर्स जोन का भी निरीक्षण किया गया और उसकी गुणवत्ता और निर्माण कार्यो के मापदण्ड की जानकारी के साथ-साथ समय सीमा की भी जानकारी ली गयी और संबंधित तकनीकी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शीघ्र ही इसका निर्माण कार्य पूर्ण कराकर जानकारी प्रस्तुत करें। उल्लेखनीय है कि गुलौआ चौक कछपुरा ब्रिज के नीचे एवं सड़क मार्ग के किनारे व्यवसाय करने वाले लघु व्यापारियों को स्वाभिमान और सुरक्षा के साथ व्यापार कर परिवार का जीवकोपार्जन करने के उद्देश्य से वहॉ पर व्यवस्थित एवं सर्वसुविधायुकत हॉकर्स जोन का निर्माण स्मार्ट सिटी के द्वारा कराया जा रहा है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत हॉकर्स जोन में वहॉ के क्षेत्रीय लघु व्यापारियों को शिफ्ट कर उन्हें सौगात प्रदान की जायेगी।

## एक्जोनोबेल इंडिया ने ट्रू कलर तकनीक के साथ बिल्कुल नया डुलक्स वेलवेट टच लॉन्च किया

एजेंसी। एक्जोनोबेल इंडिया के प्रमुख डेकोरेटिव पेंट ब्रांड डुलक्स ने आज भारत में उपभोक्ताओं के लिए अगली पीढी के कलर इनोवेशन की शुरुआत की ड्यूलक्स के प्रतिष्ठित वेलवेट टच अल्ट्रा-लक्जरी इंटीरियर इमल्शन पेंट की पूरी रेंज (ड्यूलक्स वेलवेट टच डायमंड ग्लो ड्युलक्स वेलवेट टच पर्ल ग्लो और ड्युलक्स वेलवेट टच प्लेटिनम ग्लो) अब ट्रू कलर टेक्नोलॉजी एज के साथ आते हैं।

डुलक्स की इस नई पेशकश के बारे में बात करते हुए राजीव राजगोपाल प्रबंध निदेशक एक्जोनोबेल इंडिया ने कहा डुलक्स वेलवेट टच पेंट की सर्वोत्तम गुणवत्ता का प्रतीक है जैसे-जैसे भारतीय उपभोक्ता अपने घरों को फिर से जीवंत करने में अधिक समय व्यतीत कर रहे हैं दीवारें आत्म-अभिव्यक्ति का कैनवास बन गई हैं ड्यूलक्स इंडिया अब उपभोक्ताओं को रंगों के माध्यम से फलने-फूलने के लिए और अधिक सशक्त बना रहा है हमें ट्रू कलर तकनीक के साथ बिल्कुल नया डुलक्स वेलवेट टच पेश करते हुए बहुत खुशी हो रही है नई तकनीक के साथ हमारा यह पेंट अल्ट्रा स्मूथ फिनिश के साथ गहन समृद्ध रंगो का उचित संयोग है जो आपके घर की सुंदरता में चार चांद लगाता है और आपको फील लाइक होम जैसा अनुभव कराता है

वैश्विक समसामयिक डिजाइन थीम से प्रेरित ट्रू कलर ने बेहद स्मूथ फिनिश के लिए बेहतरीन सामग्री और कलर पिगमेंट के साथ बनाए गए गहन समृद्ध रंगों के विशेष रूप से क्यूरेट किए गए पैलेट को जीवंत किया है। एम्स्टर्डम में एक्जोनोबेल के ग्लोबल एस्थेटिक सेंटर ने अपनी रंग विशेषज्ञता को तीन डिजाइन पैलेट एसेंशियल एक्सेंट और एटमॉस्फियर के रूप में परिष्कृत किया है।

# चिलचिलाती धूप में कई घंटों तक पैदल घूमे कार्यपालिक निदेशक सह-आयुक्त

**स्मार्ट सिटी के सभी निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा**

**जबलपुर।** स्मार्ट सिटी के द्वारा शहर के कई क्षेत्रों में स्मार्ट सड़कों के निर्माण के अलावा शहर में अन्य विकास के कार्य भी कराये जा रहे हैं। जैसे खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों के लिए मल्टी स्पोटर्स काम्पलेक्स, पैदल चलने वालों के लिए एन.एम.टी. एवं व्यवस्थित फुटपाथ का निर्माण, कलाकारों के लिए कलादीर्घा का निर्माण, पर्यावरण संरक्षण के लिए सर्वसुविधा उद्यानों का निर्माण आदि शामिल हैं। जिसको गति प्रदान करने स्मार्ट सिटी के कार्यपालिक निदेशक सह-आयुक्त आशीष वशिष्ठ के द्वारा लगातार निरीक्षण एवं कार्यो की समीक्षा की जा रही है। इसी कड़ी में आज उन्होंने स्मार्ट सिटी के सभी निर्माणाधीन कार्यो को गति प्रदान करने चिलचिलाती धूप में भी कई घंटों तक निरीक्षण किया और निरीक्षण के मौके पर उपस्थित सभी ठेकेदारों को गंभीरता के साथ उच्च गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर स्मार्ट सिटी के सी.ई.ओ. निधि सिंह राजपूत सहित सभी तकनीकी अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि सभी तकनीकी अधिकारी अपे अपने क्षेत्रों के कार्यो पर सतत् रूप से निगरानी रखें और समय सीमा में ठेकेदारों से कार्य कराएँ।कार्यपालिक निदेशक सह-आयुक्त श्री वशिष्ठ के द्वारा आज लगभग दो घंटे तक सिर्फ आई.टी. पार्क के पास स ?क निर्माण के कार्यो का पैदल चलकर निरीक्षण किया गया और संबंधित ठेकेदार को कड़ी चेतावनी देते हुए गंभीरता के साथ कार्य करने के निर्देश दिये। उनके द्वारा आई.टी. पार्क के अलावा रानीताल तालाब पर किए जा रहे सौंदर्यकरण, वॉकवे निर्माण कार्यों आदि का सघन रूप से निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि जहां एक ओर प्रथम चरण का कार्य पूर्णता की ओर है वहीं दूसरे चरण के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों में भी तेजी आई है। निरीक्षण के समय सहायक यंत्री कबिस मिश्रा, अनिकेत गोरिया, टीम लीडर आशीष कुमार तिवारी कंसल्टेंसी के इंजीनियर एवं निर्माण एजेंसी के इंजीनियर प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सीबीएसई 10वीं और 12वीं की परीक्षा आज से शुरू

**जबलपुर,** ।सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं मंगलवार से प्रारंभ हो गई हैं। जबलपुर में करीब 20 केंद्रों में परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। कक्षा 10वीं की टर्म 2 परीक्षा आज से शुरू होकर 24 मई को खत्म होंगी, वहीं 12वीं की टर्म 2 या फाइनल बोर्ड परीक्षाएं 15 जून तक चलेंगी। परीक्षा में आधे घंटे पूर्व 10 बजे तक पहुंचना था। कोरोना गाइडलाइन का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। कोरोना के नियम पर सख्ती बरतने के निर्देश सीबीएसई परीक्षा समन्वयक डा.राजेश चंदेल ने बताया कि परीक्षा के दौरान कोरोना नियमों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। एक कमरे में 18 से ज्यादा विद्यार्थी नहीं बैठाए जा रहे है। परीक्षा कक्षों को समुचित रूप से सैनिटाइज किया गया। यदि कोई विद्यार्थी अथवा उसके परिवार में कोरोना संक्रमित हैं तो उसके लिए हर केंद्र में अलग कक्ष का प्रबंध होगा, जहां बैठकर उसे परीक्षा देनी होगी। कक्षा 10 का पहला पेपर पेंटिंग और राई, गुरुंग, तमांग, शेरपा और थाई जैसी भाषाओं का होगा। जबकि पहले प्रमुख सब्जेक्ट के तौर पर अंग्रेजी की परीक्षा बुधवार 27 अप्रैल को होगी।

# अर्शदीप ने पलटा मैच

## फील्डिंग में चेन्नई का शर्मनाक प्रदर्शन, हार के विलेन कप्तान जडेजा



चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स को आईपीएल के 15वें सीजन में एक और हार मिली है। टीम की आठ मैचों में यह छठी हार है। उसके लिए प्लेऑफ में पहुंचने की राह अब कठिन हो गई है। पंजाब किंग्स ने आखिरी ओवर तक मुकाबले में सोमवार (25 अप्रैल) को उसे 11 रनों से हरा दिया। चेन्नई को खराब फील्डिंग और धीमी बल्लेबाजी का खामियाजा भुगतना पड़ा। टीम ने भानुका राजपक्षे को जीवनदान दिया। वहीं, ऋतुराज गायकवाड़ और रवींद्र जडेजा जैसे मुख्य बल्लेबाजों ने धीमी बल्लेबाजी की। दूसरी ओर, पंजाब किंग्स की टीम जीत की पटरी पर लौटी है। सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मिली लगातार दो हार के बाद उसने वापसी की है। आठ मैचों में उसकी चौथी जीत है। पंजाब के बल्लेबाजों के अलावा गेंदबाजों ने जबरदस्त खेल दिखाया। दिल्ली के खिलाफ निराश करने वाली टीम ने पिछले मैच में जीतने वाली चेन्नई को परास्त कर दिया। सीजन में दोनों टीमों के बीच दो मुकाबले हुए और दोनों में चेन्नई को हार मिली।

मैच के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ी

### मैच में टर्निंग पॉइंट्स

भानुका राजपक्षे को मिले दो जीवनदान- चेन्नई ने भानुका राजपक्षे को सातवें और नौवें ओवर में जीवनदान दिया। सातवें ओवर की चौथी गेंद पर गायकवाड़ ने उनका कैच छोड़ा। वहीं, नौवें ओवर की पांचवीं गेंद पर सैंटनर ने कैच टपका दिया। दो कैच छूटने के बाद भानुका ने शिखर धवन के साथ बड़ी साझेदारी की। दोनों ने 71 गेंदों पर 110 रनों की साझेदारी की। भानुका ने 32 गेंद पर 42 रन बनाए। उनकी पारी की बदौलत पंजाब की टीम ने 180 रन का आंकड़ा पार किया।

### चेन्नई को जीत के लिए 24 गेंदों पर 47 रन बनाने थे।

युवा अर्शदीप सिंह के दो और अनुभवी कगिसो रबाडा के एक ओवर बचे थे। मयंक ने 17वें ओवर में गेंदबाजी के लिए अर्शदीप को बुलाया। उन्होंने अंबाती रायुडू और रवींद्र जडेजा जैसे तूफानी बल्लेबाज के सामने एक भी बाउंड्री नहीं दिया। इस ओवर में सिर्फ छह रन बने। अगले ओवर में रबाडा ने छह रन देकर रायुडू को आउट कर दिया। मैच के दौरान दोनों टीमों के कप्तान मयंक अग्रवाल और इस मैच में दो ऐसे कप्तानों का मुकाबला था जो पहली बार आईपीएल में कप्तानी कर रहे हैं। इसका दबाव दोनों की बल्लेबाजी पर देखने को मिला है। मयंक ने 21 गेंद पर 18 रन बनाए तो जडेजा ने 16 गेंदों पर नाबाद 21 रन की पारी खेली। जडेजा ने गेंदबाजी में दो ओवरों में 18 रन दिए। बल्लेबाजी में उनकी धीमी पारी के कारण टीम को हार का सामना करना पड़ा। आखिरी ओवरों में अगर उनका बल्ला चलता तो नतीजा कुछ और होता। वहीं, मयंक ने गेंदबाजों का सही से इस्तेमाल कर चेन्नई को हरा दिया।

### पंजाब के लिए मैच में क्या-क्या हुआ?

ओपनर शिखर धवन ने पहली बार टूर्नामेंट में अपने पुराने अंदाज में बल्लेबाजी की। उन्होंने 59 गेंदों पर नाबाद 88 रन बनाए। भानुका राजपक्षे के साथ शतकीय साझेदारी भी की। भानुका ने भी शानदार बल्लेबाजी की और 32 गेंद पर 42 रन बनाए। लियाम लिविंगस्टोन ने तेजी से सात गेंदों पर 19 रन बनाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। गेंदबाजी में कगिसो रबाडा और अर्शदीप सिंह ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया। दोनों ने टीम को मैच में जीत दिलाई।

### चेन्नई के लिए मैच में क्या-क्या हुआ?

सकारात्मक पक्ष- मिशेल सैंटनर और महेश तीक्षणा ने गेंदबाजी में बढ़िया काम किया। सैंटनर को विकेट नहीं मिला, लेकिन उन्होंने दो ओवर में सिर्फ आठ रन दिए। तीक्षणा ने चार ओवर में 32 रन दिए और मयंक का महत्वपूर्ण विकेट अपने नाम किया। बल्लेबाजी में अंबाती रायुडू ने कमाल किया। उन्होंने सात चौके और छह छक्के लगाकर यह बता दिया क्यों उन्हें टीम में बाहुबली कहा जाता है। अंबाती ने 39 गेंदों पर 78 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 200 का रहा।

ड्वेन प्रिटोरियस और ड्वेन ब्रावो काफी महंगे साबित हुए। सबने रन लुटाए। ब्रावो को हालांकि दो सफलता जरूर मिली, लेकिन चार ओवर में उन्होंने 42 रन दे दिए। बल्लेबाजी में ऋतुराज गायकवाड़ ने 27 गेंदों पर 30 रनों की धीमी पारी खेली। रॉबिन उथप्पा, मिशेल सैंटनर और शिवम दुबे सस्ते में आउट हो गए। जडेजा ने धीमी बल्लेबाजी की। धोनी ने आठ गेंदों पर 12 रन ही बनाए।

### पंजाब ने चेन्नई को फिर किया चित

| पंजाब किंग्स | | | चेन्नई सुपरकिंग्स | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ओवर | रन | विकेट | ओवर | रन | विकेट |
| 1-6 | 37 | 01 | 1-6 | 32 | 02 |
| 7-15 | 86 | 00 | 7-15 | 86 | 02 |
| 16-20 | 64 | 03 | 16-20 | 58 | 02 |





## ऋषि धवन ने 6 साल बाद की आईपीएल में वापसी

# अब उन्हें विकेट नहीं मिलते

## राशिद खान पर लारा का बड़ा बयान- उनके जाने से हैदराबाद को फायदा



### इस सीजन भी अच्छा रहा प्रदर्शन

इस सीजन भी राशिद ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने सात मैच में आठ विकेट अपने नाम किए हैं और 6.50 के इकोनॉमी रेट से रन खर्चे हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 22 रन देकर तीन विकेट रहा है। एक मैच में टीम की कप्तानी करते हुए उन्होंने बल्ले के साथ भी कमाल किया था और ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर अपनी टीम को जीत दिलाई थी। इस मैच में उन्होंने 21 गेंद में 40 रन बनाए थे और क्रिस जॉर्डन के एक ओवर में 25 रन बटोरे थे।



गुजरात टाइटंस के स्पिन गेंदबाज राशिद खान आईपीएल के सबसे सफल गेंदबाजों में से एक हैं। उनके आंकड़े भी इस बात की गवाही देते हैं। शनिवार को वो आईपीएल में 100 विकेट पूरे करने वाले चौथे विदेशी गेंदबाज बने। आईपीएल में सबसे तेज 100 विकेट लेने के मामले में राशिद संयुक्त रूप से तीसरे सबसे तेज 100 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। हालांकि, उनकी पुरानी टीम सनराइजर्स हैदराबाद के कोच ब्रायन लारा का मानना है कि राशिद खान के जाने से उनकी टीम को कोई नुकसान नहीं हुआ है। बल्कि उनकी जगह आए गेंदबाज टीम के लिए विकेट चटका रहे हैं और टीम को फायदा हो रहा है। लारा ने कहा है कि राशिद को अब सभी टीमें संभालकर खेलती हैं और उन्हें विकेट नहीं मिलते हैं। वहीं उनकी जगह टीम में आए स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर या सुचित अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं और विकेट निकाल रहे हैं। हालांकि, लारा ने भी यह बात मानी का राशिद शानदार गेंदबाज हैं और आईपीएल में 5.5-6 की इकोनॉमी शानदार है। अगर वो टीम का हिस्सा होते तो हैदराबाद सात में पांच की बजाय सातों मैच जीत सकती थी।

### आईपीएल में राशिद का रिकॉर्ड शानदार

आईपीएल में राशिद खान से ज्यादा विकेट सिर्फ तीन विदेशी गेंदबाजों ने लिए हैं। 158 मैच में 179 विकेट लेने वाले ड्वेन ब्रावो इस मामले में पहले स्थान पर हैं। 122 मैच में 170 विकेट लेने वाले लसिथ मलिंगा दूसरे और 142 मैच में 149 विकेट लेने वाले सुनील नरेन तीसरे स्थान पर हैं। राशिद इस मामले में चौथे नंबर पर हैं। राशिद ने 83 आईपीएल मैच में अपने 100 विकेट पूरे किए हैं। आईपीएल में सबसे तेज 100 विकेट लेने के मामले में वो संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। उनसे पहले आशीष नेहरा और अमित मिश्रा ने भी 83 मैच में ही 100 विकेट लिए थे। लसिथ मलिंगा सबसे कम आईपीएल मैचों में 100 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, उन्होंने सिर्फ 70 मैच में यह उपलब्धि हासिल की थी।



# रॉकी भाई के आगे नहीं चल पाया शाहिद कपूर का बल्ला

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की बहुचर्चित फिल्म जर्सी इस शुक्रवार सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म ने अपनी रिलीज के 4 दिन पूरे कर लिए हैं। फिल्म जर्सी से पहले कन्नड़ फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 रिलीज हुई थी। जिसे बॉक्स ऑफिस पर दर्शक लगातार पसंद कर रहे हैं। जिसके कारण शाहिद कपूर की जर्सी की कमाई पर काफी असर पड़ा रहा है। कल जर्सी का बॉक्स ऑफिस पर पहला सोमवार था। वर्किंग डे होने की चलते फिल्म के कलेक्शन में काफी गिरावट देखने को मिली है। ट्रेड एनालिस्ट रमेश बाला के अनुमान के अनुसार शाहिद कपूर और मृणाल ठाकुर की इमोशनल ड्रामा जर्सी ने सोमवार को कुल 1.75 करोड़ रुपये की कमाई की है। यह फिल्म के कलेक्शन में भारी गिरावट है। जर्सी ने अपने ओपनिंग डे पर 4 करोड़ रुपये की कमाई की थी। फिल्म ने रविवार को कुल 5 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इसके साथ शाहिद कपूर की जर्सी ने अब तक कुल 15.40 करोड़ रुपये की कमाई की है। जिससे यह स्पष्ट है कि निर्देशक प्रशांत नील की केजीएफ चैप्टर 2 ने शाहिद की फिल्म के नंबरों को प्रभावित किया।



# साजिश का खुलासा !

नई दिल्ली। कंगना रनोट होस्टेड कंट्रोवर्सियल रिएलिटी शो लॉक अप इन दिनों काफी सुर्खियों में बना हुआ है। फैंस के बीच इस शो को लेकर काफी बज है। वहीं इस शो में टास्क जीतने के लिए कंटेस्टेंट के बीच जमकर लड़ाई झगड़े को मिल रहे हैं। शो के फिलाने को लेकर अब दर्शकों में काफी क्रेज बना हुआ है। यही कारण कि शो में काफी कुछ नया हो रहा है। वहीं अब लॉक अप में टिकट टू फिनाले टास्क शुरू हो चुका है और पायल रोहतगी इस शो की पहली फाइनलिस्ट बन चुकी हैं। इसी बीच अब सुनने में आ रहा है कि शो के मेकर्स जल्द ही कुछ नया धमाका करने जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लॉक अप में जल्द ही फैमिली वीक 'Lock Upp Family Week' की शुरुआत होने वाली है।

# गेंदबाजी करते हुए लगाया अजीबोगरीब मास्क

आईपीएल 2022 के 38वें मैच में पंजाब किंग्स ने अपनी पेस चौकड़ी की मदद से चेन्नई सुपर किंग्स को 11 रनों से हराकर सीजन की चौथी जीत दर्ज की। हिमाचल प्रदेश के रहने वाले ऋषि धवन पहली बार सीजन में खेलने उतरे। लेकिन जब वह गेंदबाजी पर आए तो उनके चेहरे पर लगे मास्क ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। ऐसे में हर कोई जानना चाह रहा था कि आखिर धवन ने अपने चेहरे पर ये क्या और क्यों लगाया। आईपीएल 2022 के 38वें मैच में पंजाब किंग्स ने अपनी पेस चौकड़ी की मदद से चेन्नई सुपर किंग्स को 11 रनों से हराकर सीजन की चौथी जीत दर्ज की। सोमवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच में पंजाब की टीम तीन बड़े बदलाव के साथ उतरी। पंजाब ने अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती देते हुए संदीप शर्मा और ऋषि धवन को इस मैच में मौका दिया। हिमाचल प्रदेश के रहने वाले ऋषि धवन पहली बार सीजन में खेलने उतरे। लेकिन जब वह गेंदबाजी पर आए तो उनके चेहरे पर लगे मास्क ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा।

### छह साल बाद आईपीएल में लौटे

विजय हजारे ट्रॉफी में बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन से हिमाचल प्रदेश को पहली बार विजय हजारे ट्रॉफी का खिताब दिलाने वाले ऋषि ने छह साल बाद आईपीएल में वापसी की। ऋषि ने साल 2016 में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) में आखिरी बार खेला था और इस बार छह साल बाद उसी फ्रेंचाइजी से दोबारा खेलने उतरे। उन्हें नीलामी में पंजाब किंग्स ने 55 लाख की राशि के साथ अपने साथ जोड़ा। लेकिन वह चोट की वजह से शुरुआती मैचों के लिए अनुपलब्ध रहे। धवन को रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण के दौरान खेलते हुए नाक पर चोट लग गई थी। इसके बाद उनकी नाक की सर्जरी की गई। यही कारण रहा कि वह शुरू के चार मैचों में टीम का हिस्सा नहीं बन पाए।

### क्यों लगाया मास्क?

धवन ने चेन्नई के खिलाफ सोमवार को सीजन का अपना पहला मैच खेला। लेकिन जब वह गेंदबाजी करने उतरे तो उन्होंने अपनी नाक को सुरक्षित रखने और किसी भी तरह की चोट से बचने के लिए चेहरे पर फाइबर का मास्क लगाया। धवन ने इस मैच में शानदार गेंदबाजी की और दो विकेट भी झटके। 32 साल ऋषि ने सबसे पहले शिवम दुबे को बोल्ड किया और इसके बाद आखिरी ओवर में धोनी को पवेलियन भेजा। इसके अलावा उन्होंने आखिरी ओवर में धोनी और जडेजा के सामने 27 रनों का बचाव भी किया। धवन ने मैच से पहले अपनी चोट के बारे में बात करते हुए उसकी जानकारी दी थी। पंजाब किंग्स की तरफ से शेयर किए गए वीडियो में उन्होंने कहा कि अब वह पूरी तरह से ठीक हैं और खेलने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, चार साल बाद आईपीएल में वापसी करने के बाद रणजी में चोटिल होना निराशाजनक था। इसकी वजह से उन्हें नाक की चोट की वजह से शुरू के चार मैचों से बाहर रहना पड़ा। लेकिन अब मैं ठीक हूं और खेलने के लिए तैयार हूं।

# दिल्ली क्राइम 2 के रिलीज होने में देरी ?



नई दिल्ली। ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स इंडिया की सबसे चर्चित वेब सीरीज दिल्ली क्राइम का सीजन 2 काफी समय से सुर्खियों में हैं। सीरीज के दर्शक इसका बेसब्री से इंतजार भी कर रहे हैं। इस बीच दिल्ली क्राइम 2 को लेकर बड़ी खबर सामने आई है, जिसे जानने के बाद दर्शक थोड़ा निराश हो सकते हैं। दिल्ली क्राइम का पहला सीजन साल 2019 में आया था। इस वेब सीरीज को दर्शकों काफी प्यार मिला था। यही वजह थी कि वेब सीरीज दिल्ली क्राइम ने एमी पुरस्कार जीता था। अब इसके दूसरे सीजन में हो रही देरी को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। खबरों की मानें तो नेटफ्लिक्स इंडिया दिल्ली क्राइम 2 के कुछ सीन्स को लेकर आश्वस्त नहीं था, जिसके चलते इस वेब सीरीज के उन सीन्स को दोबारा से शूट किया जा रहा है।

# तुला राशि के लोग होते है न्यायप्रिय और संतुलित व्यक्तित्व के धनी

**यशभारत के प्रख्यात कार्यक्रम जीवन ज्योतिष में आज पूर्व आईपीएस ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा ने यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला से चर्चा करते हुए तुला राशि के विषय में विचार साझा किए। इस दौरान श्री वर्मा ने बताया कि तुला राशि के लोग न्यायप्रिय और आकर्षक व्यक्तित्व के धनी होते है। कालपुरुष की कुंडली में यह 7वीं राशि है। जिसका विस्तार आकाश में 180 डिग्री से लेकर 200 डिग्री तक होता है। तुला राशि का चिन्ह तराजू होता है। जैसा की हम सभी यह जानते है कि ज्योतिष पूर्ण वैज्ञानिक है। आकाश में तराजू के आकार का चिन्ह दिखाई देता है। बात करें नक्षत्रों की तो 12 राशियों में 27 नक्षत्र होते है, इस प्रकार सवा दो नक्षत्र एक राशि में होते है। जिनका जीवन में पूर्ण प्रभाव पड़े बिना नहीं रह सकता।**

यश भारत
जीवन ज्योतिष
वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं
प्रति सोमवार प्रातः 10 बजे

### शनि महाराज की होती है उच्च राशि

तुला राशि के जातकों को शनि महाराज की विशेष कृपा प्राप्त होती है, क्योंकि यहां वह उच्च के होते हैं। इसी प्रकार यहां शुक्र भी विशेष फलदाई होते है, लेकिन सूर्य की यह नीच की राशि है। जिसके चलते यहां सूर्य असहज महसूस करते है।

### तुला राशि के जातकों का प्रधान परिचय

ज्योतिषाचार्य श्री वर्मा ने बताया कि तुला राशि वायु तत्व प्रधान राशि है। इस राशि के जातक उग्र होते है और न्यायप्रियता की भावना इनमें कूट-कूटकर भरी हुई होती है। यह किसी के साथ अन्याय नहीं कर सकते। इस राशि के जातकों की आंखें बड़ी ही आकर्षक होती है, साथ ही कन्या राशि की अपेक्षा इस राशि के जातक की ऊचाई कुछ अधिक होती है, बाल काले होते है और यह लोगों से संवाद करने के माहिर होते है। लोगों के बीच घुल-मिल जाना इनका शौक होता है। संगीत और कारपोरेट कल्चर का यह राशि प्रतिनिधित्व करती है।

### निष्पक्ष एवं चतुर रणनीतिकार

तुला राशि के जातक सबके लिए अच्छा करना चाहते हैं। ये विवादों को निपटाने में कुशल होते हैं और इनमें न्याय की गहरी भावना होती हैं। निष्पक्षता की यह लगन इनकी व्यक्तिगत जरूरत होती है । तुला राशि के जातक अपने दिमाग का अच्छा उपयोग करना जानते हैं। ये अपने विचारों का दूसरों के साथ संचार करके आनंद लेते हैं। ये दूसरों को बेहतर तरह से जानने के लिए एक उचित तरीका अपनाते हैं।



## यशभारत के लोकप्रिय कार्यक्रम जीवन ज्योतिष में ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा से विशेष चर्चा

### वायु तत्व की राशि है

कन्या राशि के मुकाबले तुला राशि के जातकों की ऊचाई ज्यादा होगी, बाल काले, मुख आकर्षक होगा। शनि इस राशि में उच्च के होते है। यदि शनि महाराज यहां बैठे है तो बढ़े अच्छे परिणाम देते है, वहीं सूर्य यहां आकर अच्छे फल नहीं देते वह असहज होते है, इसलिए सूर्य की नीच राशि है, वहीं यहां शुक्र बड़े अच्छे फल देते है। यह धातुओं को प्रदर्शित करती है। आंखे बड़ी आकर्षक होंगी। संगीत प्रेमी, लोगों से बातचीत करने में माहिर, संतुलित होते है। संतुलित व्यक्तित्व के स्वामी होते है, कारपोरेट कल्चर संगीत को यह प्रदर्शित करती है। न्यायप्रिय लोग होते है, यह अन्याय नहीं कर सकते।

### महात्मा गांधी और हिटलर की थी तुला राशि

ज्योतिषाचार्य श्री मनोहर वर्मा ने यश भारत के संस्थापक आशीष शुक्ला से चर्चा के दौरान बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और हिटलर की तुला लग्न राशि थी। दोनों में काफी समानताएं थीं। दोनों ने जो ठाना वह करके बताया और प्रख्यात हुए। हांलाकि सूर्य, चंद्र और लग्न राशि होती है, किसी भी कुंडली का पूर्ण भविष्यफल बतलाने के लिए तीनों ही राशियों का निचोड़ आवश्यक होता है और कुंडली में बैठे ग्रहों के योग से बने संयोगों को विशेष रुप से देखना आवश्यक होता है।

### इन क्षेत्रों में मिलती है विशेष सफलता

तुला राशि के जातकों को अभिनय, गायन, कानूनविद्, होटल व्यवसाय सहित फैसन डिजाइन में विशेष सफलता मिल सकती है। यह संतुलित होते है और दुनिया को अच्छी तरीके से समझने में माहिर होते है।

---

**जेएनकेविवि के कृषि विज्ञान केंद्र में किसान मेला**

# प्राकृतिक खेती से ही किसान समृद्ध होंगेः केंद्रीय मंत्री श्री तोमर



## 350 किसान पहुंचे कार्यक्रम में, केंद्रीय मंत्री ने किसानों से किया वर्चुअल संवाद

**जबलपुर, यशभारत।** रसायन खेती किसान को फायदा नहीं होगा, प्राकृतिक खेती से किसान समृद्ध बनेगा। यह बात केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने जवाहर नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र में किसान की भागीदारी प्राथमिकता हमारी आजादी का अमृत महोत्सव के किसान मेला के वर्चुअल कार्यक्रम में कही। उन्होंने ने कार्यक्रम में शामिल हुए करीब 350 किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि खाद्यान्न एवं सब्जियों के उत्पादन में कीटनाशक दवाएं और रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से जन स्वास्थ्य के नुकसान को देखते हुए प्राकृतिक खेती करने की कार्ययोजना बनाए। अधिक पैदावार होने से आलू, प्याज, धान, गेहूं के दाम गिर जाते हैं। अगर यही उत्पादन जहरमुक्त हो तो अन्य देशों को निर्यात कर किसानों को कई गुना लाभ दिलाया जा सकता है। जवाहर नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र में किसान की भागीदारी प्राथमिकता हमारी आजादी का अमृत महोत्सव के तहत किसान मेला और कृषि प्रदर्शनी का आयोजन विधायक अशोक रोहाणी, कुलपति डॉक्टर पीके बिसेन, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. डीपी शर्मा के मार्गदर्शन और वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र की डॉ. रश्मि शुक्ला के निर्देशन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में डॉ. एसआर सिंह अटारी,डीन डॉ. शरद तिवारी, डॉ. डीके पहलवान, डॉ.एके सिंह, डॉ.रतिराज खरे,डॉ. बबीता श्रीवास्तव, डॉ. नीलू विश्वकर्मा,डॉ. अक्षता तोमर,डॉ. सिद्दार्थ नायक,डॉ. निहारिका शुक्ला,डॉ.नितिन सिंघई, डॉ. नेहा शर्मा, श्रीमति पीपी सिंह सहित अन्य मौजूद थे।





# महिला की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर, यशभारत।** हनुमानताल के मक्का नगर मोहरिया में हुए नृशंस हत्याकांड के बाद पुलिस ने आरोपी को सिद्ध बाबा की पहाड़ी से घेराबंदी कर दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि पड़ोसी की पत्नी के साथ उसकी पत्नी बैठती थी, यह उसे कतइ पसंद नहीं था, इसलिए आवेश में आकर चायना चाकू से वार कर दिलशाद की हत्या कर दी। जानकारी अनुसार पुलिस को श्रीमती शबनम बानो 20 वर्ष निवासी मक्का नगर मोहरिया हनुमानताल ने बताया था कि रात में वह अपनी पड़ौसन शबाना के पास बैठी थी , शबाना का पति नसीम उर्फ अजय आया और पत्नी से झगड़ा करने लगा। तभी उसका पति दिलशाद आ गया तो उसके पति के साथ भी गाली गलौज करने लगा, उसके पति दिलशाद ने नसीम उर्फ अजय को गाली देने से मना किया तो नसीम उर्फ अजय ने चाकू से हमलाकर पति दिलशाद के सीने में ताबड़तोड़ चाकुओं से वार कर दिए। घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया जहां, डॉक्टर ने चैक कर दिलशाद 22 वर्ष निवासी मक्कानगर मोहरिया गली नम्बर 7 हनुमानताल को मृत घोषित कर दिया।

### सिद्ध बाबा की पहाड़ी में छुपा था आरोपी

हत्या की वारदात के बाद एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा के निर्देशन में टीम गठित की गई । जिसके बाद मुखबिर की सूचना पर फरार आरोपी नसीम उर्फ अजय रैकवार को पुलिस ने सिद्ध बाबा की पहाड़ी में घेराबंदी कर दबोच लिया। प्रारंभिक पूछताछ पर नसीम पिता स्वर्गीय जीवन लाल रैकवार 23 वर्ष निवासी सिंधी कैंप खाई मोहल्ला ने बताया कि पत्नी का देहांत हो जाने के कारण पिछले 1 वर्ष से शबाना उसके साथ पत्नी के रूप में रह रही थी, जो पड़ोसी दिलशाद की पत्नी के साथ बैठी हुई थी, यह उसे पसंद नहीं था । जिसके बाद उसने आवेश में आकर पास में रखे हुए चाइना चाकू से दिलशाद पर हमला कर दिया ।

# कुंडम में महिला की हत्या

## खाना खाने के विवाद पर देवर की थी मारपीट

**जबलपुर यश भारत।** कुंडम के बघराजी में देवर ने खाना खाने के विवाद को लेकर भाभी को लात-घूंसों से इतना मारा कि उसकी मौत हो गयी। वारदात की जानकारी लगते ही कुंडम पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए भेजा व जांच शुरू कर दी है। पुलिस की प्रारंभिक जांच पड़ताल में महिला की मौत संदिग्ध मानी जा रही है। हालांकि आरोपी को पुलिस ने अभिरक्षा में लेकर पूछताछ कर रही है।

### दोनों के बीच आए दिन होता था विवाद

स्वर्गीय भाई की पत्नी को अपनी दास्तां पत्नी बना कर रख रहे देवर और भाभी के बीच इस बात को लेकर जमकर विवाद हो गया कि वह समय पर खाना बनाकर नहीं देती थी और उसे बासा खाना खिलाती थी। जिस कारण दोनों के बीच आए दिन विवाद की स्थिति बनी रहती थी । बीती रात इन दोनों के बीच में खाना को लेकर विवाद हुआ जो इतना बढ़ा की आरोपी ने घर के पूरे बर्तन एवं अन्य सामान फेंक दिया । पुलिस ने ऐसी आशंका जाहिर की है कि महिला के स्वर्गीय पति के भाई ने ही इस वारदात को अंजाम दिया है । जिससे महिला की मौत हो गई । पुलिस आरोपी को अभिरक्षा में लेते हुए उससे पूरे घटनाक्रम के संबंध में पूछताछ करने में लगी हुई है। कुंडम पुलिस ने बताया कि बघराजी चौकी निवासी 40 वर्षीय देवबती गोटिया के पति विभु गोटिया का कुछ वर्ष पूर्व निधन हो गया था । जिसके बाद देवबती का देवर अजय गोटिया उसे अपनी दास्तां पत्नी बना कर रख रहा था इन दोनों के बीच में उस समय तो काफी प्रेम चला उसके बाद आए दिन समय पर खाना न मिलने के कारण देवबती के साथ उसका विवाद होता रहता था । आरोपी कहीं पर पल्लेदारी का काम करता है। बीती रात में करीब 10 बजे के लगभग अपने घर आया जहां पर देवबती गोटिया से वह बासा खाना देने के लिए झगड़ पड़ा ।



### मृतिका के पूरे शरीर में है चोट के निशान

दोनों के बीच में काफी झूमा झपटी हुई है । जिसके चलते मुंह नाक एवं शरीर के अन्य अंगों में चोट आने के कारण महिला की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी आज सुबह जैसे ही मोहल्ले के लोगों को लगी घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए घटना की पड़ताल शुरू कर दी है । मौके पर मिले तमाम सबूतों के आधार पर पुलिस ने अजय गोटिया पर हत्या की आशंका जाहिर करते हुए उसे अपनी हिरासत में लेकर पूरे घटनाक्रम के संबंध में पूछताछ कर रही है।

C.B.S.E. AFFILIATED ENGLISH MEDIUM CO-ED DAY CUM RESIDENTIAL SR. SECONDARY SCHOOL
GYAN GANGA INTERNATIONAL SCHOOL
ADMISSIONS OPEN
FOR FEW VACANT SEAT (Class Nursery to 9th & 11th)
Bypass Junction Near Dhanwantri Nagar Jabalpur (M.P.)
Helpline No. 07489933431 / 32 07489933433 / 34
www.gyanganga.ac.in

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

मेडिसिन टीम
28 YEARS | SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
महाकौशल क्षेत्र के सुप्रसिद्ध, वरिष्ठ एवं अनुभवी डॉक्टर्स की टीम
मधुमेह एवं मोटापा • पीलिया व यकृत की बीमारियाँ • थॉयराइड की बीमारियाँ • सभी प्रकार के इन्फेक्शन • एनीमिया व रक्त की अनियमितता • रक्तचाप एवं गुर्दा रोग • टी.बी. फेफड़े की बीमारियाँ • डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिआ • स्वाइनफ्लू, कोविड इत्यादि • सभी प्रकार की एलर्जी • डिपोइजनिंग यूनिट नशा मुक्ति सलाह • साँस एवं अस्थमा की बीमारी • डायबिटिक एवं वृद्धावस्था क्लिनिक • CPAP / Bi PAP / वेंटीलेटर की सुविधा उपलब्ध
अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क करें : 9575801200
24x7 Emergency & Pharmacy | Emergency No. 95758 01020
शैल्बी हॉस्पिटल्स प्लाट नं. 5, अहिंसा चौक, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) | www.shalby.org

CARE HOSPITAL
MULTI SPECIALITY HOSPITAL
करमेता, कटंगी रोड, जबलपुर ( म.प्र. ) फोन:0761-4700480
24x7 आकस्मिक सेवा उपलब्ध
आयुष्मान कार्डधारकों का इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
विभाग: मेडिसिन विभाग, छाती रोग विभाग, जनरल सर्जरी विभाग, न्यूरो एंड स्पाईन सर्जरी विभाग, अस्थि रोग विभाग, स्त्री रोग विभाग, नेत्र रोग विभाग, मूत्र एवं गुर्दा रोग विभाग
मल्टी स्पेशलिटी: • मेडिसिन • जनरल सर्जरी • स्त्री एवं प्रसूति रोग • पॉइजन यूनिट • रेडियोलॉजी विभाग • पैथोलॉजी विभाग • ट्रामा यूनिट • फेक्चर एवं अस्थि रोग • न्यूरो सर्जरी • डिजिटल एक्स-रे • 2D ईको • सोनोग्राफी • कलर डॉप्लर

यश भारत NEWS
चैनल का प्रसारण अब इन सेटअप बॉक्स में भी
हेतवे - 598
डिजीयाना - 122
यूसीएन - 81
रहें खबरों से अपडेट

NALANDA PUBLIC SCHOOL
Senior Secondary Co-Ed, English Medium School
An ISO 9001:2015 Certified School
Career growth with passion for success and determination for thinking
Dhanwantri Nagar, Jabalpur (M.P.) 482002 Tel.: 0761-2673823
E-mail: nalanda 2004@ gmail.com. www.nalandapublic school.co.in
Admission Open For -2022-23
11 Acres Lush Green Campus
CBSE Affiliation No. 1030288, School No. 14143

ANSHU HEART AND HORMONE SUPERSPECIALITY CLINIC
Keep your heart in rhythm and hormones in balance
हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. ए.ए. अंसारी (MD Medicine), (DM Cardiology)
डायबिटीज एवं हार्मोन रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्पणा सोनी (MD Medicine), (DM Endocrinology)
उपलब्ध सुविधाएं: ईसीजी, इको, टीएमटी • हृदय संबंधी बीमारियों का इलाज • बच्चों में कद संबंधी समस्या • महिलाओं में अनियमित महावारी • अनचाहे बाल मीनोपॉज सिम्प्टम • अन्य हार्मोनल डिसऑर्डर से संबंधित इलाज
सभी प्रकार के डायबिटीज एवं थायराइड डिसऑर्डर
पैथोलॉजी सुविधा उपलब्ध है
दीनदयाल चौक, इंडियन कॉफी हाउस के पीछे, विजय नगर, जबलपुर मो: 9098724021

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
फ्रुट आयटम उपलब्ध
चना रेबड़ी गजक ड्रायफ्रूट नमकीन तोस लईया लड्डू भेल
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304

महाकोशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घण्टे
Life Care ICU मुखर्जी हॉस्पिटल
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम एवं सुविधाएं:-
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ) | डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरो सर्जन) | डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलोजिस्ट) | डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ) | डॉ एम. चंसौरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरो सर्जन) | डॉ पुनीत भल्ला (एम.डी. कार्डियोलॉजिस्ट) | डॉ अखिलेश पटेल (छाति एवं सांस रोग विशेषज्ञ एम.डी) | डॉ नेहा चंसौरिया B.D.S. M.D.S (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
covid-19 संबंधित हर इलाज, सांस फूलना, फेफड़ों की बीमारी, महाकौशल का सबसे आधुनिक वेंटिलेटर उपलब्ध, हड्डी की चोट, सर की चोट, हेड इंज्यूरी, जहरीली वस्तु का सेवन, ( POISON-UNIT ) बर्न यूनिट, डायलिसिस सुविधा, उच्च स्तरीय ट्रेन्ड नर्सिंग- पैरा मेडिकल स्टाफ, भर्ती मरीजों के लिए डायटिशियन द्वारा बताया गया भोजन, नि:शुल्क उपलब्ध।
पता:- 1933,प्रेम मंदिर के पास राइट टाऊन, जबलपुर, संपर्क सूत्र:-7049079825, 9300920067
हॉस्पिटल फोन:- 0761- 4038666, जबलपुर का प्रथम CRITICAL CARE हॉस्पिटल (E-mail:- lifecareicujbp@gmail.com)

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )